राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 15 अंक: 156 पृष्ठ: 08
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## केस के टाइम बाउंड निपटारे की मांग वाली अर्जी खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केसेस के टाइम बाउंड (समयबद्ध) निपटारे की मांग वाली अर्जी खारिज कर दी। साथ ही देशभर के कोर्ट्स में स्थगन (एडजर्नमेंट) पर गाइडलाइन बनाने की मांग पर सुनवाई से इनकार कर दिया। इसी दौरान बेंच ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, हम वकीलों से दुश्मनी नहीं लेना चाहते। हम वकीलों के दोस्त हैं। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस वी. मोहन की बेंच में यह याचिका एक वकील की ओर से दायर की गई थी। याचिकाकर्ता खुद कोर्ट में पेश हुए और कहा कि अर्जी का मकसद कोर्ट्स में अनियंत्रित स्थगन पर दिशा-निर्देश तय कराना है।

**केस फ्लो मैनेजमेंट पॉलिसी बनाने की मांग की थी**

याचिका में देशभर की सभी अदालतों के लिए एक समान राष्ट्रीय केस फ्लो मैनेजमेंट पॉलिसी तैयार करने और लागू करने की मांग भी की गई थी।याचिका में कहा गया था कि इस नीति में मामलों की सुनवाई के अलग-अलग चरणों के लिए तय समय-सीमा हो।

साथ ही स्थगन को नियंत्रित करने, उपयुक्त मामलों

## इंडिया गठबंधन में पड़ी दरार: डीएमके ने 8 जून को होने वाली बैठक से बनाई दूरी, कांग्रेस पर लगाया धोखा देने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नई। द्रविड़** मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने आठ जून को नई दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक में भाग न लेने का फैसला किया है। पार्टी ने कांग्रेस पर तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के बाद विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। बता दें कि विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस, डीएमके का साथ छोड़कर टीवीके के साथ गठबंधन में शामिल हो गई थी, जिसे डीएमके ने धोखा करार दिया था। बता दें कि डीएमके इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगियों में से एक थी।

**कांग्रेस पर विश्वासघात का आरोप**

डीएमके ने अपने एक बयान में कहा है कि कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए विश्वासघात से उनके कैडर को गहरा आघात पहुंचा है। उनकी भावना का सम्मान करते हुए, डीएमके इंडिया गठबंधन की उस बैठक में शामिल नहीं होगी, जिसमें कांग्रेस पार्टी भाग लेगी।

**बैठक से दूरी, राष्ट्रहित पर आवाज जारी**

हालांकि डीएमके इस बैठक में उपस्थित नहीं होगी, लेकिन पार्टी ने




स्पष्ट किया है कि वह राष्ट्र के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज उठाना जारी रखेगी। गठबंधन में शामिल अन्य दलों द्वारा उठाए जाने वाले राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर डीएमके हमेशा की तरह अपनी राय रखेगी। इस निर्णय से राजनीतिक गलियारों में चर्चा का माहौल गर्म है और यह आगामी राजनीतिक समीकरणों पर भी प्रभाव डाल सकता है।

**बिखराव**

> कनिमोझी ने लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर डीएमके सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था करने की मांग की थी।

**टीवीके साथ जाते हुए डीएमके ने अलग होने का कर दिया था एलान**

इंडिया ब्लॉक में पड़ी यह दरार संसद तक भी पहुंच चुकी है। रिश्तों में आई दरार उस वक्त सामने आ गई थी, जब डीएमके सांसद कनिमोझी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर डीएमके सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था करने की मांग की थी। उन्होंने कांग्रेस से अलग होने के बाद "बदले हुए राजनीतिक हालात" का हवाला दिया था।

**फास्ट न्यूज**

## सुप्रीम कोर्ट ने मामलों के समयबद्ध निपटारे की मांग वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अदालतों में मामलों के समयबद्ध निपटारे की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि हम वकीलों से दुश्मनी नहीं लेना चाहते हैं, हम वकीलों के दोस्त हैं। याचिका वकील रजत ने दायर की थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने कहा कि अदालतों में अनावश्यक रुप से मामलों के स्थगित करने की परिपाटी पर रोक लगनी चाहिए और इसके लिए एक दिशा-निर्देश जारी किया जाना चाहिए, ताकि मामलों का समयबद्ध निपटारा किया जा सके।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पूछा कि क्या याचिकाकर्ता खुद एक वकील हैं। तब याचिकाकर्ता ने कहा कि हां। तब कोर्ट ने कहा कि आप सिस्टम जानते हैं। किस तरह मामलों में स्थगनादेश जारी किए जाने चाहिए और उस पर नीति कैसे बने। तब याचिकाकर्ता ने कहा कि हम चाहते हैं कि केवल दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। तब कोर्ट ने कहा कि आप बार काउंसिल ऑफ इंडिया, राज्यों के बार काउंसिल या हाई कोर्ट बार एसोसिएशंस के पास जाइए। तब याचिकाकर्ता ने कहा कि इसके लिए उच्चतम न्यायालय उचित प्राधिकार है। उसके बाद कोर्ट ने इस दलील को नामंजूर करते हुए याचिका खारिज करने का आदेश दिया।

## सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महिला कुश्ती पहलवान विनेश फोगाट को एशियन गेम्स के लिए ट्रायल में हिस्सा लेने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में भारतीय कुश्ती संघ के विरुद्ध की गई टिप्पणियों को हटाने संबंधी याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली बेंच ने उच्च न्यायालय की टिप्पणियों और निष्कर्षों पर विचार करने से इनकार कर दिया।

### योग मन, शरीर और आत्मा को एकाकार कर अधिक स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण विश्व की प्रेरणा देता है: मोदी

## योग को वैश्विक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में मिलेगी नई पहचान: मोदी

**योगासन**

> अहमदाबाद की धरती से विश्व खेल जगत के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ रहा है: पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अहमदाबाद में आयोजित प्रथम विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप 2026 का शुभारंभ करते हुए कहा कि योग मानवता के लिए भारत का शाश्वत उपहार है, जो मन, शरीर और आत्मा को एकाकार कर अधिक स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण विश्व की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से कहा कि अहमदाबाद की धरती से विश्व खेल जगत के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने चैंपियनशिप में भाग लेने आए विभिन्न देशों के खिलाड़ियों का भारत में स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि अहमदाबाद एक यूनेस्को विश्व धरोहर शहर है और इस ऐतिहासिक नगर में इस वैश्विक प्रतियोगिता का आयोजन पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। मोदी ने कहा कि कुछ दिनों बाद 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा, जिसका मुख्य आयोजन इस वर्ष कोलकाता में होगा।



### 'योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग है'

प्रधानमंत्री ने बताया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग है। आज लोग ऐसे उपायों की तलाश में हैं जो उन्हें लंबे समय तक स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखें तथा योग इसके लिए एक प्रभावी माध्यम है।

उन्होंने लोगों से हर रोज योग, भगाएगा सारे रोग का संदेश अपनाने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए आयुष मंत्रालय ने 'योग 365' अभियान शुरू किया है। उन्होंने चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने देशों में लौटकर योग के संदेश के दूत बनें और दुनिया भर में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाएं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रतियोगिता में चाहे कोई भी विजेता बने, लेकिन इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनकर सभी प्रतिभागी पहले ही चैंपियन बन चुके हैं।

उन्होंने खिलाड़ियों की प्रतिभा और अनुशासन को विश्व के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को बधाई दी तथा प्रथम विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप 2026 के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की।

**अहमदाबाद की धरती से विश्व की स्पोर्ट्स लेगेसी में एक और नया अध्याय जुड़ा**

अहमदाबाद की धरती से विश्व की स्पोर्ट्स लेगेसी में एक और नया अध्याय जुड़ा है। आज, पहली वर्ल्ड योगासना चैंपियनशिप शुरू हो रही है। मैं इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने आए, सभी देशों के एथलीट्स का भारत में स्वागत करता हूं, अपनी शुभकामनाएं देता हूं। अहमदाबाद, यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सिटी है, और भारत के इस ऐतिहासिक शहर में ये आयोजन पूरे देश के लिए गर्व की बात है। अब से कुछ दिन बाद, 21 जून को वर्ल्ड योगा डे भी मनाया जाएगा। उस दिन दुनिया के अलग-अलग देशों में योग से जुड़े आयोजन होंगे, और इसका प्रमुख कार्यक्रम भारत के एक और ऐतिहासिक शहर कोलकाता में होगा। वर्ल्ड योगा डे से पहले वर्ल्ड योगासना चैंपियनशिप, अपने आप में हेल्थ और वेलनेस की डबल डोज लेकर आ गई है।

प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि लगभग एक दशक पहले भारत ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था, जिसे 190 देशों का समर्थन प्राप्त हुआ। भारत का उद्देश्य अपनी प्राचीन परंपरा को मानवता के स्वास्थ्य और सामूहिक कल्याण से जोड़ना था।

मोदी ने कहा कि विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप के माध्यम से योगासन को एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में नई पहचान मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में योगासन अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भी अपना स्थान बनाएगा। उन्होंने कहा कि हर बड़े खेल के साथ एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित होता है, जिससे रोजगार और करियर के नए अवसर पैदा होते हैं। योगासन खेल के विस्तार से खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रशिक्षकों, खेल वैज्ञानिकों, शोधकताओं और इवेंट प्रबंधन से जुड़े पेशेवरों के लिए भी नए अवसर उपलब्ध होंगे।




केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने बाडेपल्ली गांव में किसानों के प्रशिक्षण और साझा सुविधा केंद्र का भी उद्घाटन किया। 'किसान प्रशिक्षण एवं साझा सुविधा केंद्र' के उद्घाटन समारोह के दौरान अपने संबोधन में पेड्डापल्ली महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड की सराहना की।

### हरियाणा : बिना बैंक गारंटी के लगेगा एक किलोवाट सोलर सिस्टम

**चंडीगढ़। सर**कार ने सौर ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने का रोडमैप तैयार किया है। इसी कड़ी में 1 किलोवाट लोड वाले घरेलू उपभोक्ताओं को बिना बैंक गारंटी और ऋण प्रक्रिया की जटिलताओं के सोलर सिस्टम लगाने का फैसला लिया है, जिससे उपभोक्ताओं का बिजली बिल लगभग शून्य होगा।

वहीं, नियमित बिल जमा करने वाले 5 किलोवाट तक के उपभोक्ताओं को भी आसान किस्तों पर सोलर सिस्टम मिलेगा। किसानों की खाली जमीन पर सोलर प्लांट स्थापित कर सरकार द्वारा बिजली खरीदने की योजना है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने गुरुवार को बताया कि लाखों परिवारों को बिना बैंक गारंटी सोलर सिस्टम उपलब्ध कराने की योजना तैयार की जा रही है। विभाग के कर्मचारी स्वयं उपभोक्ताओं के घर जाकर प्रक्रिया पूरी करेंगे और उनकी छतों पर सोलर सिस्टम स्थापित करवाएंगे।

## मिशन 2029: केंद्र का बड़ा दांव, चुनाव से पहले परिसीमन की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, लंबे समय से लंबित परिसीमन विधेयक को फिर से धरातल पर उतारने की सक्रिय कोशिशें शुरू हो चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य साल 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले देश में संसदीय क्षेत्रों के पुनर्गठन की प्रक्रिया को पूरा करना है।

**क्षेत्रीय क्षत्रपों को साधने की कवायद**

इस बेहद संवेदनशील मुद्दे पर सरकार किसी भी टकराव से बचना चाहती है। यही वजह है कि पर्दे के पीछे आम सहमति बनाने का दौर शुरू हो चुका है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, केंद्र ने कई क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के साथ औपचारिक बातचीत शुरू कर दी है।

इन चर्चाओं में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और अन्य



क्षेत्रीय हितधारक शामिल हैं। इस पूरी कवायद का मुख्य उद्देश्य संसदीय प्रतिनिधित्व पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर क्षेत्रीय दलों की चिंताओं को दूर करना है।

**टकराव नहीं, आम सहमति पर जोर**

परिसीमन का सीधा मतलब जनसांख्यिकीय बदलावों के आधार पर लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों की सीमाओं को दोबारा तय करना है। बीते कुछ वर्षों में कई राज्यों ने इस बात पर चिंता जताई है कि नई व्यवस्था से संसद में उनका प्रतिनिधित्व बदल सकता है।

### मैं भगोड़ा नहीं, दुनिया घूम रहा हूं: सरकार के हाथ बहुत लंबे, उससे पंगा नहीं ले सकते: ललित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने कहा कि मेरे लिए भगोड़े शब्द का इस्तेमाल मीडिया की तरफ से किया गया। मेरे खिलाफ आज तक कोई केस नहीं है। गुरुवार को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि मैं बिल्कुल भी नहीं भाग रहा हूं। मैं पूरी दुनिया में घूम रहा हूं। अगर मैं भाग रहा होता, तो आप मुझे कहीं न कहीं पकड़ ही लेते। भारत सरकार की पहुंच बहुत लंबी है। आप भारत सरकार से पंगा नहीं ले सकते। और मेरा ऐसा कोई इरादा भी नहीं है। आईपीएल को लेकर उन्होंने कहा कि मैं इसको लेकर हमेशा से पैशनेट रहा। आखिरकार आईपीएल मेरे बच्चे जैसा है। मैं भले ही उससे जुड़ा हूं या नहीं, मुझे फर्क नहीं पड़ता। मेरे पिता अच्छे बिजनेसमैन थे, लेकिन आज मेरे परिवार को ललित मोदी की वजह से जाना जाता है।

## हरियाणा सरकार ने 23 खिलाड़ियों को दी कोच की नौकरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने हरियाणा में नए ओलंपिक चैंपियन गढ़ने की रणनीति तैयार की है। मिशन ओलंपिक-2036 के तहत प्रतिभावान खिलाड़ियों को तराश जाएगा। इसी कड़ी में खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने गुरुवार को चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 23 खिलाड़ियों को कोच के नियुक्ति पत्र सौंपे।पत्रकारों से बातचीत करते हुए खेल राज्य



मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि वर्ष 2036 के ओलंपिक में हरियाणा के खिलाड़ियों के माध्यम से 36 पदक जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें नवनियुक्त कोचों की भूमिका निर्णायक होगी।

उन्होंने खिलाड़ियों को सुरक्षित भविष्य की गारंटी देते हुए गांवों और कस्बों में छिपी प्रतिभाओं को तराशकर ओलंपिक, एशियन गेम्स और विश्व चैंपियनशिप स्तर के खिलाड़ी तैयार करने का आह्वान किया।

**आह्वान**

> छिपी प्रतिभाओं को तराशकर ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप स्तर के खिलाड़ी तैयार करने का आह्वान किया

### गुरुग्राम में सभी वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का फायर सेफ्टी ऑडिट अनिवार्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** दिल्ली के मालवीय नगर अग्निकांड के बाद गुरुग्राम जिला प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। डीसी उत्तम सिंह ने जिले के सभी वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए फायर सेफ्टी ऑडिट अनिवार्य कर दिया है। उपयुक्त उत्तम सिंह ने अग्निशमन विभाग को निर्देश जारी करते हुए कहा कि जिले के मॉल, व्यावसायिक भवन, कार्यालय परिसर, होटल, रेस्टोरेंट, शोरूम और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच चरणबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाए। नागरिकों की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए यह जरूरी है कि सभी संस्थान निर्धारित अग्नि सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करें।

### *यह अभिनव कदम न केवल नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा*

## हरित पंचायतों की आय का 25 प्रतिशत अनाथों और विधवाओं के कल्याण पर होगा व्यय

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंकज शर्मा**

**शिमला।** हरित पंचायत पहल अब राज्य भर के अनाथों और विधवाओं के कल्याण एवं उत्थान में भी योगदान देगी। यह अभिनव कदम न केवल नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों को भी सहयोग प्रदान करेगा, जिससे समावेशी और सतत विकास सुनिश्चित होगा। इस पहल के सामाजिक कल्याण पक्ष को और सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ने योजना के अंतर्गत राजस्व वितरण मॉडल में संशोधन करने



का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम के तहत राज्य की 100 ग्राम पंचायतों में 500 किलोवाट क्षमता की भूमि-आधारित सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। संशोधित राजस्व वितरण व्यवस्था के अनुसार, इन परियोजनाओं से प्राप्त आय का 20 प्रतिशत राज्य सरकार को दिया जाएगा, 20 प्रतिशत परियोजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव के लिए हिमऊर्जा को आवंटित किया जाएगा, 10 प्रतिशत हिमऊर्जा को मिलेगा, 25 प्रतिशत संबंधित ग्राम पंचायत को विकास कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा तथा शेष 25 प्रतिशत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा, जिससे संबंधित ग्राम पंचायत के अनाथों और विधवाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जा सके। वर्तमान राज्य सरकार ने समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है तथा उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए विभिन्न पहल की हैं। सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना है, जिसके तहत अनाथ बच्चों की शिक्षा, देखभाल और समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक अनाथ बच्चे को प्रतिमाह 4,000 रुपये की सहायता राशि दी जाती है। इस योजना से राज्य के लगभग 6,000 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, भवन निर्माण के लिए वित्तीय सहायता के अतिरिक्त जिन पात्र लाभार्थियों के पास भूमि नहीं है, उन्हें मकान निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध करवाई जा रही है।

इसी प्रकार, विधवाओं को मकान निर्माण के लिए 3 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

**राजस्व वितरण**

> राज्य सरकार ने योजना के अंतर्गत राजस्व वितरण मॉडल में संशोधन करने का निर्णय लिया

## शहरों में व्यक्ति भीड़ में भी अकेला, गांवों में समुदाय अब भी जीवन का केंद्र: सीजेआई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने एक आर्टिकल लिखा। उन्होंने लिखा- भारत के विकास की चर्चा महानगरों, उद्योगों, तकनीक और आधुनिक संरचना के संदर्भ में की जाती है।

ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कें और तीव्र आर्थिक गतिविधियां प्रगति का प्रतीक मानी जाती हैं, किंतु इस विकास यात्रा के बीच महत्वपूर्ण प्रश्न हमारे सामने खड़ा है- क्या हम अनजाने में गांवों की मूल आत्मा को खोते जा रहे हैं? क्या विकास का अर्थ यह होना चाहिए कि गांव धीरे-धीरे शहर का रूप ले लें?



अथवा हमें ऐसा भारत निर्मित करना चाहिए, जहां गांव अपनी सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक आत्मीयता और जीवन मूल्यों को सुरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से भी सम्पन्न हों? यह पूरे भारत के भविष्य से जुड़ा प्रश्न है, परंतु हरियाणा के गांवों का उल्लेख इसलिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि वहां आज भी सामुदायिक जीवन, श्रम संस्कृति आत्मसम्मान और सामाजिक सहभागिता की परंपरा जीवंत है। यही स्थिति देश के अनेक राज्यों के गांवों में भी दिखाई देती है। भारत की वास्तविक शक्ति गांवों में बसती है। यदि गांवों का चरित्र ही बदल गया तो भारत की आत्मा भी प्रभावित होगी। असली चुनौती यह है कि विकास पहुंचाते समय गांवों को शहर बनने से कैसे बचाया जाए। गांवों में सड़कें हों, आधुनिक विद्यालय, उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं, डिजिटल सुविधाएं, रोजगार के अवसर हों, यह जरूरी है।


ACTION INDIA
ऊना, 05 जून 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com


# मध्य प्रदेश में बेटियों के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना बनी उच्च शिक्षा का संबल

अगर सरकार से मदद न मिलती, तो गरीबी के आगे मेरे घुटने टिक जाते और मेरी पढ़ाई हमेशा के लिए बंद हो जाती। आज मैं कॉलेज जा रही हूँ, तो सिर्फ इसलिए क्योंकि मेरे सिर पर 'लाड़ली लक्ष्मी योजना' का हाथ है।ᵹ यह भावुक कर देने वाले शब्द मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले की प्रतिभा बुरेडिया के हैं, यह महज एक बच्ची की जुबानी नहीं है, बल्कि मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'लाड़ली लक्ष्मी योजना' की सफलता की वह जीवंत कहानी है

**आत्मनिर्भरता**

अशोकनगर के वार्ड क्रमांक 21 की रहने वाली प्रतिभा के पिता राजेंद्र रजक मजदूरी करते हैं


प्रतिभा बुरेडिया ओशीन खान




**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** अगर सरकार से मदद न मिलती, तो गरीबी के आगे मेरे घुटने टिक जाते और मेरी पढ़ाई हमेशा के लिए बंद हो जाती। आज मैं कॉलेज जा रही हूँ, तो सिर्फ इसलिए क्योंकि मेरे सिर पर 'लाड़ली लक्ष्मी योजना' का हाथ है।" यह भावुक कर देने वाले शब्द मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले की प्रतिभा बुरेडिया के हैं। यह महज एक बच्ची की जुबानी नहीं है, बल्कि मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'लाड़ली लक्ष्मी योजना' की सफलता की वह जीवंत कहानी है, जो आज प्रदेश की लाखों बेटियों की जिंदगी में रोशनी बिखेर रही है। आर्थिक तंगहाली और मजबूरियों के अंधेरे को चीरकर अपनी किस्मत खुद लिखने वाली दो बेटियों-प्रतिभा बुरेडिया और ओशीन खान की दास्तान आज राष्ट्रीय पटल पर उन सभी परिवारों के लिए एक मिसाल है, जो तंगहाली के कारण बेटियों की पढ़ाई बीच में ही छुड़वा देते हैं।

**मजदूर की बेटियों को मिला हौसलों का आसमान**
अशोकनगर के वार्ड क्रमांक 21 की रहने वाली प्रतिभा के पिता राजेंद्र रजक मजदूरी करते हैं। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले इस परिवार के लिए दो वक्त की रोटी के साथ बच्चों को पढ़ाना एक बड़े पहाड़ जैसा था। प्रतिभा बताती हैं कि जब वह कक्षा 12वीं में थीं, तो घर की माली हालत देखकर उन्हें लगा कि अब पढ़ाई का सफर यहीं थम जाएगा। ठीक ऐसी ही कहानी वार्ड क्रमांक 18 की ओशीन खान की भी है। मध्यमवर्गीय मजदूर परिवार से आने वाली ओशीन के पिता अमजद खान पर पूरे परिवार और बच्चों की शिक्षा का भारी बोझ था। लेकिन, दोनों ही बेटियों के सपनों के आड़े गरीबी नहीं आ सकी, क्योंकि बचपन में ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से उनका पंजीयन लाड़ली लक्ष्मी योजना में हो चुका था। योजना के तहत इन बेटियों को स्कूल से लेकर कॉलेज तक हर मोड़ पर वित्तीय सहारा मिला।

## 1.43 लाख की वित्तीय सुरक्षाः बाल विवाह पर लगाम, शिक्षा को उड़ान

प्रतिभा को कक्षा 6वीं में 2,000 रुपये की राशि, कक्षा 9वीं में 4,000 रुपये, कक्षा 11वीं में 6,000 रुपये और कक्षा 12वीं (वर्ष 2025) में 6,000 रुपये की छात्रवृत्ति मिली। इस वित्तीय सहायता के दम पर दोनों बेटियों ने साल 2025 में न सिर्फ 12वीं की परीक्षा शानदार अंकों से उत्तीर्ण की, बल्कि कॉलेज की दहलीज पर भी कदम रख दिया। वर्तमान में प्रतिभा को कॉलेज के प्रथम वर्ष के लिए 12,500 रुपये की किश्त मिल चुकी है, वहीं ओशीन को स्नातक स्तर पर दो किश्तों में कुल 25,000 रुपये की सहायता मिल रही है। जनसम्पर्क अधिकारी बिन्दु सुनील ने गुरुवार को बताया कि मध्य प्रदेश सरकार की यह योजना केवल एक आर्थिक मदद नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का एक बड़ा आंदोलन बन चुकी है। योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को जन्म से लेकर 21 वर्ष की आयु पूरा होने तक कुल 1,43,000 रुपए की वित्तीय सहायता राशि चरणबद्ध तरीके से प्रदान की जाती है। बेटियों के जन्म के प्रति रूढ़िवादी समाज की सोच को बदलकर उसे प्रोत्साहित करना। बालिकाओं की शिक्षा को बिना किसी बाधा के उच्च स्तर तक ले जाना। बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर पूरी तरह रोक लगाना (क्योंकि योजना का लाभ तभी मिलता है जब बेटी की शादी 18 वर्ष से कम उम्र में न हुई हो)।

**मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार**
आज जब ये बेटियाँ हाथ में कॉलेज की किताबें लेकर आगे बढ़ रही हैं, तो उनके चेहरों पर एक नया आत्मविश्वास है। प्रतिभा और ओशीन कहती हैं, "यह योजना हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

**मजदूर की बेटियों को मिला हौसलों का आसमान**




बेटियों को बोझ समझने वाली सोच को इस योजना ने जड़ से खत्म कर दिया है। हम मुख्यमंत्री का तहे दिल से आभार व्यक्त करती हैं, जिन्होंने हमारे सपनों को मरने नहीं दिया।"
अशोकनगर के वार्ड क्रमांक 21 की रहने वाली प्रतिभा के पिता राजेंद्र रजक मजदूरी करते हैं। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले इस परिवार के लिए दो वक्त की रोटी के साथ बच्चों को पढ़ाना एक बड़े पहाड़ जैसा था।
प्रतिभा बताती हैं कि जब वह कक्षा 12वीं में थीं, तो घर की माली हालत देखकर उन्हें लगा कि अब पढ़ाई का सफर यहीं थम जाएगा। ठीक ऐसी ही कहानी वार्ड क्रमांक 18 की ओशीन खान की भी है।
मध्यमवर्गीय मजदूर परिवार से आने वाली ओशीन के पिता अमजद खान पर पूरे परिवार और बच्चों की शिक्षा का भारी बोझ था।
लेकिन, दोनों ही बेटियों के सपनों के आड़े गरीबी नहीं आ सकी, क्योंकि बचपन में ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से उनका पंजीयन लाड़ली लक्ष्मी योजना में हो चुका था।
योजना के तहत इन बेटियों को स्कूल से लेकर कॉलेज तक हर मोड़ पर वित्तीय सहारा मिला।

# समय आ गया है कि बड़े अफसरों को आपराधिक रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएः कोर्ट

**कोर्ट का आग्रह**

कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वह इस फैसले को सीधे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करें



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज,।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक अहम आदेश में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वह इस बात को स्वीकार करें कि अब वह समय आ गया है, जब वरिष्ठ अफसरों और शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों को उनके विभागों या उनके अधीन काम करने वालों की चूकों के लिए जवाबदेह और यहां तक कि आपराधिक रूप से भी जिम्मेदार ठहराया जाए। जस्टिस विनोद दिवाकर की बेंच ने कहा कि राज्य को उच्च जिम्मेदारी का सिद्धांत अपनाना चाहिए, जिसके तहत प्रशासनिक पदानुक्रम में वरिष्ठ अफसरों को जवाबदेह ठहराया जाता है। हाईकोर्ट ने आगे कहा कि उचित मामलों में उन्हें अपने अधीन काम करने वालों द्वारा किए गए गलत कामों या चूकों को रोकने या दंडित करने में उनकी विफलता के लिए आपराधिक रूप से भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। बेंच ने अपने 16 पृष्ठ के आदेश में कहा, ह्यवरिष्ठ अफसरों को अपने अधीन काम करने वालों के आचरण और प्रदर्शन के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि सार्वजनिक सेवाओं की प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित करना उनकी पेशेवर और प्रशासनिक, दोनों तरह की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने संस्थागत पतन के दो अलग-अलग रूपों के प्रति आगाह किया-मन का भ्रष्टाचार जिसके तहत आधिकारिक सत्ता की आड़ में निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए निर्णय लेने की प्रक्रिया को जानबूझ कर विकृत किया जाता है।

# वोडाफोन आइडिया ने मेटा के साथ की साझेदारी

**टेक्नोलॉजी**

साइलेन्ट मोबाइल वैरीफिकेशन एक सुरक्षित, नेटवर्क आधारित आथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी है

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता, वोडाफोन आइडिया ने आज वी के यूजर्स के लिए मेटा प्लेटफॉर्म्स व्हॉट्सऐप, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर साइलेन्ट मोबाइल वैरिफिकेशन क्षमताएं लॉन्च करने की घोषणा की है, जिससे लाखों यूजर सुरक्षित, सहज एवं पासवर्ड रहित डिजिटल अनुभव पा सकेंगे।
साइलेन्ट मोबाइल वैरीफिकेशन एक सुरक्षित, नेटवर्क आधारित आथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी है जो यूजर के मोबाइल नंबर को बैकग्राउंड में ही वैरिफाय कर देती है। इसके लिए यूजर को न तो वैरिफिकेशन क्रेडेंशियल मैनुअली डालने पड़ते हैं, न ही ऐप्स के बीच स्विच करना पड़ता है, और न ही वैरिफिकेशन मैसेज का इंतजार करना पड़ता है। जब भी वी का यूजर वी मोबाइल नेटवर्क पर व्हॉट्सऐप, फेसबुक और इंस्टाग्राम का इस्तेमाल करता है, तो वैरिफिकेशन की रिक्वेस्ट सीधे टेलीकॉम नेटवर्क के जरिए वैरिफाय हो जाती है, जिससे यूजर को एक तेज और बिना किसी रुकावट वाला अनुभव मिलता है। वी के यूजर्स को नए यूजर रजिस्ट्रेशन, मोबाइल नंबर वैरिफिकेशन, लॉग-इन और री-लॉग-इन, अकाउंट रिकवरी और सिक्योरिटी चैक के दौरान ऑथेंटिकेशन जैसी स्थितियों में एसएमवी-सपोर्टेड अनुभव मिल सकते हैं।

# जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा मोदी सरकार के 12 वर्षो का उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार देर शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून-व्यवस्था, आगामी आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा तथा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले जनभागीदारी आधारित कार्यक्रमों की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की।
मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसेवा, सुशासन, पर्यावरण संरक्षण, युवाओं के हित और जनकल्याण से जुड़े प्रत्येक कार्यक्रम का क्रियान्वयन संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जनसहभागिता के साथ सुनिश्चित किया जाए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विश्व पर्यावरण दिवस से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन न होकर जनभागीदारी और जनजागरण का व्यापक अभियान बनें। उन्होंने कहा कि 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत न्यूनतम 05 करोड़ पौधों का रोपण किया जाए। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व के सम्मान और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का भी प्रतीक बने। उन्होंने निर्देश दिए कि पौधों की पर्याप्त उपलब्धता, जियो टैगिंग तथा उनके संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



# होंडा इंडिया फाउंडेशन ने हरियाणा का पहला ड्राइविंग प्रैक्टिस जोन आम लोगों के लिए खोला

**टीम एक्शन इंडिया**
**महेंद्रगढ़ः** होंडा इंडिया फाउंडेशन ने आज महेंद्रगढ़ के ड्राइविंग प्रैक्टिस जोन  का उद्घाटन किया, जो हरियाणा में अपनी तरह की पहली सुविधा है। इसका मकसद नए ड्राइवरों को ड्राइविंग प्रैक्टिस और रोड सेफ्टी ट्रेनिंग के लिए एक सुरक्षित, व्यवस्थित जगह देना है। यह सुविधा आम लोगों के लिए खुली होगी, मुफ़्त होगी और इस इलाके के सभी नए ड्राइवर इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। इस पहल का मकसद कई टियर 2 और टियर 3 शहरों में एक आम कमी को दूर करना है, जहाँ फॉर्मल ड्राइविंग प्रैक्टिस इंफ्रास्ट्रक्चर तक सीमित पहुँच के कारण अक्सर सीखने वाले पब्लिक सड़कों पर प्रैक्टिस करते हैं, जिससे नए ड्राइवरों और सड़क इस्तेमाल करने वाले दूसरे लोगों के लिए सुरक्षा का खतरा बढ़ जाता है। ड्राइविंग प्रैक्टिस जोन में खास प्रैक्टिस ट्रैक और थ्योरी सेशन के लिए एक क्लासरूम शामिल है। इस पहल के जरिए, होंडा इंडिया फाउंडेशन का मकसद ड्राइवर का कॉन्फिडेंस, कंट्रोल और रोड अवेयरनेस को बेहतर बनाना है, साथ ही जिले में सुरक्षित और ज्यादा ज़िम्मेदार रोड बिहेवियर को बढ़ावा देना है।

# एक पेड़ मां के नामः 5 करोड़ पौधे लगाएगा यूपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ। प्र**धानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुकरैल वन क्षेत्र से इसका शुभारंभ करेंगे। उनके नेतृत्व में पूरे राज्य में एक दिन में 5 करोड़ पौधरोपण किए जाएंगे। इसके लिए सभी विभागों व मंडलों के लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं। पर्यावरण दिवस पर वन विभाग की तरफ से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्य आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे।



**कुकरैल वन क्षेत्र में होगा वृहद पौधरोपण**
एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुकरैल वन क्षेत्र में वृहद पौधरोपण होगा। सबसे पहले यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पौधरोपण करेंगे। यहां 200 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में वन मंत्री अरुण सक्सेना, प्रभारी मंत्री, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

**जनसहभागिता से प्रदेश मनाएगा उत्सव**
इसके पश्चात प्रदेश के 17 नगर निगमों, 825 विकास खंडों, 762 नगर निकायों समेत सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान पूरे दिन चलेगा।
वन विभाग के संयोजकत्व में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, उद्यान, नगर विकास आदि विभागों के सहयोग से अमृत सरोवर, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदियों, नहरों आदि के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि की भी सहभागिता होगी।

# राष्ट्रीय स्तर पर चमका जशपुर का सरडीह, स्वच्छ एवं हरित ग्राम श्रेणी में देश में तीसरा स्थान



**विशिष्ट पहचान**

स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुरः** जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड की ग्राम पंचायत सरडीह ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार के अंतर्गत सरडीह पंचायत को थीम-5 स्वच्छ एवं हरियाली ग्राम श्रेणी में संयुक्त रूप से देशभर में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के लिए पंचायत को 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई है। नई दिल्ली स्थित स्कोप कन्वेंशन सेंटर में 03 जून को आयोजित राष्ट्रीय समारोह में ग्राम पंचायत सरडीह के सरपंच रामजी राम भगत एवं सचिव ईश्वर प्रसाद यादव ने यह सम्मान ग्रहण किया। केंद्रीय पंचायती राज मंत्री एवं मत्स्य पालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) ने उन्हें पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, उप संचालक पंचायत सुश्री कुसुम बड़ा, जनपद पंचायत बगीचा की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री नागेश तथा एडीपीएम श्री नवनीत कुमार साहू भी उपस्थित रहे।

**जनभागीदारी और नवाचार की मिसाल बना सरडीह**
कलेक्टर रोहित व्यास ने इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि सरडीह की सफलता सामुदायिक सहभागिता, नवाचार और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**विश्व पर्यावरण दिवस विशेषः प्रकृति का संरक्षणः वर्तमान की आवश्यकता, भविष्य की जिम्मेदारी**

# तकनीकी नवाचार से सशक्त हो रहा पर्यावरण संरक्षण

**धनंजय राठौर, संयुक्त संचालक जनसंपर्क**
**सुनील त्रिपाठी**
**सहायक संचालक, जनसंपर्क**
**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुरः** धरती केवल हमारे रहने का स्थान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर है। स्वच्छ हवा, निर्मल जल, हरे-भरे वन और समृद्ध जैव विविधता ही मानव सभ्यता के अस्तित्व का आधार हैं। लेकिन आज जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित दोहन ने पूरी दुनिया के सामने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विकास की दौड़ में प्रकृति की अनदेखी अंततः मानव जीवन के लिए ही खतरा बन सकती है। इसलिए आज आवश्यकता ऐसी विकास नीति की है जो समृद्धि के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन को भी सुरक्षित रखे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार इसी संतुलित विकास की अवधारणा को आगे बढ़ा रही है। राज्य में पर्यावरणीय शासन को आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए प्रदूषण नियंत्रण, संसाधन संरक्षण और सतत विकास की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।




**पर्यावरण संरक्षण में तकनीकी क्रांतिः ड्रोन आधारित निगरानी प्रणाली**
21वीं सदी में तकनीक केवल सुविधा का माध्यम नहीं, बल्कि सुशासन और संसाधन संरक्षण का प्रभावी उपकरण बन चुकी है। पर्यावरणीय निगरानी के क्षेत्र में ड्रोन आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम इसी परिवर्तन का प्रतीक है। पहले जिन क्षेत्रों तक पहुँचना कठिन था, जहाँ प्रदूषण के स्रोतों की सटीक पहचान में समय लगता था, वहाँ अब अत्याधुनिक सेंसरों से लैस ड्रोन कुछ ही मिनटों में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं।

**ड्रोन तकनीक के माध्यम से**
ड्रोन तकनीक के माध्यम से PM2.5 एवं PM10 जैसे सूक्ष्म कणों की निगरानी, सल्फर डाइऑक्साइड  एवं नाइट्रोजन डाइऑक्साइड  जैसे गैसीय प्रदूषकों का विश्लेषण, औद्योगिक चिमनियों से निकलने वाले उत्सर्जन की ऊँचाई पर निगरानी, नदियों एवं जलाशयों की जल गुणवत्ता का परीक्षण, अवैध अपशिष्ट निस्तारण की पहचान तथा प्रदूषण प्रभावित हॉटस्पॉट क्षेत्रों की सटीक मैपिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावी ढंग से किए जा रहे हैं।
इससे प्रदूषण स्रोतों की शीघ्र पहचान, वैज्ञानिक विश्लेषण तथा त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई संभव हो रही है।

**स्मार्ट पर्यावरणीय शासन की दिशा में अग्रसर छत्तीसगढ़**
पर्यावरणीय चुनौतियाँ लगातार बदल रही हैं। ऐसे में पारंपरिक निगरानी व्यवस्था को आधुनिक तकनीकों से सशक्त बनाना समय की मांग है। छत्तीसगढ़ सरकार ने इसी दृष्टिकोण के साथ तकनीक आधारित पर्यावरणीय शासन को प्राथमिकता दी है।

**24 घंटे वायु गुणवत्ता पर निगरानी**
राज्य में कंटीन्यूअस एम्बिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम का विस्तार किया जा रहा है। यह प्रणाली चौबीसों घंटे वायु की गुणवत्ता का विश्लेषण कर वास्तविक समय में आंकड़े उपलब्ध कराती है। इससे प्रदूषण की स्थिति का वैज्ञानिक आकलन संभव हो रहा है तथा नागरिकों को भी वायु गुणवत्ता संबंधी जानकारी प्राप्त हो रही है।

# मंत्रिमंडल की बैठकों में लिए गए 99 प्रतिशत निर्णय पूरी तरह कार्यान्वित: जगत सिंह नेगी

**बैठक**

» राजस्व एवं बागवानी मंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक व औद्योगिक प्रशिक्षण एवं नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी भी मौजूद रहे। इस दौरान मंत्रिमंडल की बैठकों में लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की गई।

बैठक में अवगत करवाया गया कि 13 जनवरी, 2023 से 30 जून, 2025 तक मंत्रिमंडल की बैठकों में 1160 निर्णय लिए गए, जिनमें से 99 प्रतिशत निर्णय पूरी तरह कार्यान्वित किए जा चुके हैं। शेष एक प्रतिशत निर्णयों को लेकर चर्चा भी की गई, जिनमें वित्त, स्वास्थ्य, उद्योग, जलशक्ति, बहुउद्देशीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा से जुड़े निर्णय शामिल हैं।

जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों की सराहना की और बाकी निर्णयों को समयबद्ध कार्यान्वित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत, प्रधान सचिव देवेश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, सचिव स्वास्थ्य एम. सुधा देवी, सचिव सहकारिता अमरजीत सिंह, सचिव डिजिटल टेक्नोलॉजी एंड गवर्नेंस आशीष सिंहमार, सदस्य सचिव हरबंस सिंह ब्रास्कॉन, निदेशक शहरी विकास नीरज कुमार, निदेशक ट्रेजरी अकाउंट्स एंड लॉटरीज विजय वर्धन और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 05 जून को शिमला स्थित उनके आवास ओक-ओवर में प्रातः 09 बजे चिनार पेड़ रोपण के प्रथम चरण का शुभारंभ करेंगे।

इसके उपरांत प्रातः 9:30 बजे मुख्यमंत्री शिमला के रिज मैदान में पुलिस एवं पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी व जलवायु परिवर्तन विभागों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और एंटी चिट्टा, क्लीन एंड ग्रीन हिमाचल व जनगणना जागरूकता मिनी रैली के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सायं 4:20 पर वन विभाग द्वारा कम्याणा हिल टॉप पर आयोजित नेचर ट्रेल के प्रथम चरण का लोकार्पण करेंगे।

# सुक्खू सरकार जनादेश को स्वीकार करें, विधानसभा चुनाव में होगा कांग्रेस का सफाया : जयराम ठाकुर

**सेवा**

» पांच साल पूरी ईमानदारी से जनता की सेवा करें और सबको साथ लेकर चलें



**खेमचंद शास्त्री**
**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने द्रंग विधानसभा क्षेत्र के स्नोर मंडल के नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों, प्रधानों, उप-प्रधानों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक की, जिसमें क्षेत्र के विकास, जनहित के ज्वलंत मुद्दों और पंचायतों की भावी कार्ययोजना पर विस्तार से रणनीति तैयार की गई। इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि जनता ने जो विश्वास आप पर जताया है, उसे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ निभाते हुए अपने-अपने क्षेत्रों के विकास को नई गति दें।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आज जो आप लोग चुनाव जीतकर आए हैं, उसके पीछे भारतीय जनता पार्टी का एक लंबा और कड़ा कानूनी संघर्ष रहा है क्योंकि मुख्यमंत्री सुक्खू अपनी तय हार को देखते हुए चुनाव समय पर नहीं करवाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि इस तानाशाही रवैये के खिलाफ भाजपा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट गई, जहां दोनों जगह सुक्खू सरकार को मुंह की खानी पड़ी और अंततः सर्वोच्च अदालत के कड़े निर्देश के बाद 31 मई से पहले यह चुनाव संपन्न कराने पड़े।

जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुक्खू पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरह अड़ियल रुख अपनाए हुए हैं और अपनी करारी हार स्वीकार करने के बजाय लगातार झूठ का सहारा लेकर आंकड़े छिपा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले स्थानीय निकाय चुनावों में हार के बाद मुख्यमंत्री ने झूठे आंकड़े पेश किए, फिर पंचायत चुनावों में 2400 प्रधानों की जीत का सफेद झूठ बोला, लेकिन जब भाजपा ने इसकी सूची मांगी तो सरकार के पास कोई जवाब नहीं था।

## राजस्व मंत्री 8 से 17 जून 2026 तक किन्नौर प्रवास पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**रिकांगपिओ।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी 08 से 17 जून, 2026 को किन्नौर जिला के प्रवास पर रहेंगे। राजस्व मंत्री 08 जून, 2026 को आई0टी0डी0पी0 सम्मेलन कक्ष रिकांग पिओं में ऑफिसर कमांडिंग, जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे तथा परियोजना सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। कैबिनेट मंत्री 09 जून, 2026 को आई0टी0डी0पी0 सम्मेलन कक्ष रिकांग पिओं में जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति, 10 जून, 2026 को आई0टी0डी0पी0 सम्मेलन कक्ष रिकांग पिओं में विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण तथा स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

# शिमला पहाड़ी स्वाद महोत्सव के तहत पाक कला प्रतियोगिता का आईएचएम कुफरी में सफल आयोजन

**चमन शर्मा**
**शिमला।** अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 के तहत आयोजित किए जा रहे शिमला पहाड़ी स्वाद महोत्सव के अंतर्गत पाक कला प्रतियोगिता का आज आईएचएम शिमला (कुफरी) में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. मुकुल डिमरी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य हिमाचल प्रदेश की समृद्ध पाक विरासत, पारंपरिक व्यंजनों तथा स्थानीय खाद्य संस्कृति को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त शिमला सचिन शर्मा रहे।




उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित पाक-कौशल, नवाचार एवं हिमाचली व्यंजनों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं पाक विरासत को व्यापक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन, समन्वय एवं मूल्यांकन कार्य हेतु आईएचएम शिमला की ओर से प्रशांत विजेता, विभागाध्यक्ष तथा यथार्थ चौहान, वरिष्ठ प्रवक्ता को समन्वयक एवं निर्णायक के रूप में नामित किया गया था।

# दोपहर 12 बजे के बाद साच जोत पर नहीं जा सकेंगे पर्यटक वाहन

**हामिद खान**
**चंबा।** साच जोत में दोपहर 12 बजे बाद कोई भी पर्यटक बर्फ के पहाड़ों का दीदार नहीं कर पाएगा।

पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर पुलिस ने बैरागढ़ चेक पोस्ट के आगे दोपहर 12 बजे के बाद जाने वाले पर्यटक वाहनों पर रोक लगा दी है। शाम के समय साच जोत पर मौसम किसी भी समय खराब हो जाता है। बारिश, बर्फबारी और धुंध छाने के आसार बढ़ जाते हैं। ऐसे में वाहन दुर्घटना होने की संभावना भी बढ़ जाती है। कुछ दिन पहले हुई कार दुर्घटना में भी बारिश और धुंध को कारण माना जा रहा है। भविष्य में कोई वाहन दुर्घटना न हो, इसके लिए पुलिस ने यह निर्णय लिया है।

पुलिस अधीक्षक ने बैरागढ़ में संचालित पुलिस चेक पोस्ट को निर्देश जारी कर दिए हैं। बैरागढ़ से आगे जाने के लिए पर्यटकों को चेक पोस्ट में 12 बजे से पहले एंट्री करवानी होगी ताकि शाम ढलने से पहले लौट सकें।

इसी प्रकार के निर्देश पद्धरी जोत मार्ग पर लंगेरा में बनी चेक पोस्ट को भी जारी किए हैं। इनमें कहा है कि शाम के समय पर्यटक वाहनों को पूरी जांच के बाद आगे भेजा जाए जिससे किसी प्रकार की अनहोनी न घटे। चंबा से पांगी जाने वाली टैक्सियों में इसमें छूट रहेगी। ये टैक्सियां दोपहर को सचे जोत पार करने बाद वापस नहीं लौटती हैं, बल्कि पांगी के लिए रवाना हो जाती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत-चीन व्यापार के संदर्भ में पूह में बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**रिकांगपिओ।** आगामी भारत-चीन व्यापार के संबंध में स्थानीय व्यापारियों की बैठक मिनी सचिवालय, सम्मेलन कक्ष पूह में विपन कुमार, सहायक उपायुक्त किन्नौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

सहायक आयुक्त ने भारत चीन व्यापार के संदर्भ में विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की और आयात और निर्यात उत्पादों की रेखांकित सूची पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अवगत करवाया ताकि स्थानीय पंजीकृत व्यापारियों को पारंपरिक उत्पादों जूतों, याक व पश्मीना ऊन के आयात एवं हथकरघा शाल, कृषि उपकरण व आयुर्वेदिक दवाइयां के निर्यात में बेहतर समन्वय स्थापित करने से कोई बाधा उत्पन्न ना हो। उन्होंने बताया कि तहसीलदार पूह भीम सिंह नेगी को ट्रेड ऑफिसर नियुक्त किया गया है और स्थानीय व्यापारियों का पुलिस सत्यापन के बाद ट्रेड परमिट प्रदान किए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त, विपिन ठाकुर ने नमज्ञा-शिपकिला सड़क की वर्तमान स्थिति तथा 72 लाख रुपए की लागत से निर्मित छुपप्न ट्रेड मार्ट पर संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

बैठक में सहायक आयुक्त लुधियाना कस्टम मुकेश कुमार मीणा, तहसीलदार पूह भीम सिंह नेगी, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री गुरु लाल नेगी, पूह व्यापार संघ के अध्यक्ष हिसे नेगी व अन्य स्थानीय व्यापारी सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहायक निदेशक डीजीएफटी नई दिल्ली आदित्य सिंह तथा जितेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

### बंगाणा में डिजिटल मार्केटिंग और जेम पोर्टल पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**राजन पुरी**
**ऊना।** उद्योग विभाग द्वारा मार्केटिंग एवं डिजिटल साक्षरता, ब्रांड निर्माण के लिए डिजिटल उपकरण तथा जेम एवं सीपीपी पोर्टल विषयों पर बंगाणा में वीरवार को एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रेजिंग एंड एक्सलरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना, डिजिटल परिवर्तन को प्रोत्साहित करना तथा सरकारी खरीद प्रक्रियाओं में उनकी भागीदारी को सुदृढ़ करना था। कार्यशाला में 70 से अधिक उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विभिन्न सत्रों में सक्रिय सहभागिता करते हुए विपणन रणनीतियों, डिजिटल साक्षरता तथा ब्रांड निर्माण के लिए डिजिटल उपकरणों के उपयोग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जेम ( गवर्नमेंट ऑफ़ ई-मार्केटप्लेस)और सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट(कोप) पर आयोजित विशेष सत्र में पंजीकरण प्रक्रिया, निविदाओं में भागीदारी तथा सरकारी खरीद के अवसरों के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

बीडीओ बंगाणा केएल वर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में उद्योगों के लिए मार्केटिंग, डिजिटल साक्षरता एवं ब्रांड निर्माण के लिए डिजिटल उपकरणों का उपयोग अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। इन तकनीकों के माध्यम से उद्योग अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ा सकते हैं, उत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं तथा कार्यकुशलता में सुधार ला सकते हैं। उन्होंने इन आधुनिक साधनों की सहायता से कुटीर एवं लघु उद्योग चरणबद्ध तरीके से विकसित होकर बड़े उद्योगों की तरह अपनी पहचान बना सकते हैं।

## हताशा में अनर्गल बयानबाज़ी कर रहे जगत नेगी : राकेश जमवाल

**चमन शर्मा**
**शिमला।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने मंत्री जगत सिंह नेगी के हालिया बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जगत नेगी जब भी सार्वजनिक रूप से बोलते हैं तो राष्ट्र विरोधी, सनातन विरोधी और समाज को भ्रमित करने वाले बयान ही देते हैं।

कांग्रेस के यह बड़बोले मंत्री प्रदेश में कांग्रेस की लगातार कमजोर होती स्थिति और विशेष रूप से किन्नौर में हुई अपनी शर्मनाक राजनीतिक हार को आज तक स्वीकार नहीं कर पाए हैं। इसी हताशा और बौखलाहट में वे भाजपा और उसके नेताओं पर निराधार आरोप लगाकर अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं।

राकेश जमवाल ने कहा कि मंत्री जगत सिंह नेगी को सबसे पहले प्रदेश की जनता को यह बताना चाहिए कि आखिर उन्हें भगवान श्री राम के नाम से इतनी परेशानी क्यों है।

एक हिंदू होते हुए यदि उन्हें जय श्री राम के उद्घोष से आपत्ति है तो यह उनकी मानसिकता को दर्शाता है। भगवान श्री राम करोड़ों भारतीयों की आस्था, संस्कृति, मर्यादा और जीवन मूल्यों के प्रतीक हैं। श्री राम का नाम किसी राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं है, बल्कि पूरे राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना और सनातन परंपरा का आधार है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा जय श्री राम कहना यदि कांग्रेस के मंत्रियों को असहज कर रहा है तो यह कांग्रेस की सनातन विरोधी सोच को उजागर करता है।

## चिंतपूर्णी में 6 जून को होगा सत्संग एवं नामदान कार्यक्रम

**राजन पुरी**
**ऊना।** आध्यात्मिक एवं सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से 6 जून को चिंतपूर्णी में विशाल सत्संग एवं नामदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में परम संत बाबा उमाकांत महाराज मुख्य वक्ता के रूप में श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश देंगे। आयोजक अनिल पराशर ने बताया कि वर्तमान समय में बढ़ती सामाजिक बुराइयों, नशे और मानसिक तनाव से बचाव के लिए आध्यात्मिक मार्ग अपनाने का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में मानव जीवन के महत्व, सत्संग की आवश्यकता और आध्यात्मिक साधना के विषय पर विस्तार से विचार रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे से ग्रीन वैली रिसॉर्ट, समनोली बाईपास रोड, राजकीय डिग्री कॉलेज के समीप चिंतपूर्णी में आयोजित होगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सत्संग का लाभ उठाने की अपील की है।

## गोंदपुर जयचंद में 78 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**राजन पुरी**
**ऊना।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा हरोली द्वारा वीरवार को गांव गोंदपुर जयचंद में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान कुल 78 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 39 लैब टेस्ट किए गए। स्वास्थ्य टीम ने मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श, दवाइयां एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर टीम में डॉ. प्रदीप कुमार, रूचि, मनीष एवं निहाल सिंह ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। टीम ने गांव के ऐसे मरीजों तक भी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाईं, जो चलने-फिरने में असमर्थ हैं, ताकि जरूरतमंद लोगों को उनके घर के निकट ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

# कुपोषित बच्चों के सही पोषण के लिए भोरंज में विशेष अभियान

**पवन धीमान**
**हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने कहा है कि किसी भी बच्चे के जीवन के पहले 1000 दिन यानि गर्भ से लेकर उसके दूसरे जन्मदिन तक का समय सबसे महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसी दौरान उसके मस्तिष्क एवं शरीर का सर्वाधिक विकास होता है। अगर इस दौरान बच्चे का सही पोषण सुनिश्चित किया जाए तो वह भविष्य में स्वस्थ जीवन जी सकता है।

वीरवार को भोरंज उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर और मुंडखर में पोषण अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित जागरुकता कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं, आंगनवाड़ी और आशा वर्करों को संबोधित करते हुए गंधर्वा राठौड़ ने कहा कि बच्चे के सही पोषण के लिए मां का जागरुक होना बहुत जरूरी है।



छह माह तक बच्चे को केवल मां का दूध देना और छह माह के बाद मां के दूध के साथ-साथ बच्चे को अन्य पौष्टिक आहार देने के बारे में मां को सही जानकारी होनी चाहिए।

उपायुक्त ने बताया कि हमारे कई पारंपरिक व्यंजन एवं मोटे अनाज आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इन्हें दैनिक आहार में शामिल करके बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि भोरंज उपमंडल में लगभग 454 बच्चे कम वजन वाले तथा कुपोषित पाए गए हैं। भोरंज उपमंडल में कुपोषण को रोकने और बच्चों का सही पोषण सुनिश्चित करने के लिए पायलट आधार पर न्यूट्रिशनल इंटरवेंशन (पोषण हस्तक्षेप) कार्यक्रम आरंभ किया गया है।

# अनुराग ठाकुर का 6 जून से दो दिवसीय हमीरपुर प्रवास, 7 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि करेंगे शिरकत

**पवन धीमान**
**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर 7 जून को बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के विषय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने मीडिया को जारी एक बयान में दी।

जिला अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 05 जून से 21 जून तक विभिन्न जनसंपर्क एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अनुराग सिंह ठाकुर 06 जून से दो दिवसीय हमीरपुर प्रवास पर रहेंगे तथा 07 जून को आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के समक्ष रखेंगे।



राकेश ठाकुर ने कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 05 जून को अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इसके अंतर्गत जिला के सभी 10 मंडलों में व्यापक स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि 08 से 10 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत भाजपा कार्यकर्ता सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, अस्पतालों तथा अन्य प्रमुख स्थानों पर प्लास्टिक अपशिष्ट के निस्तारण एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाएंगे। इसके उपरांत 12 से 20 जून तक जिला स्तर पर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन तथा मंडल स्तर पर प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। वहीं 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पंचायत स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय लोगों को योगाभ्यास करवाया जाएगा।

# कर्ज के बोझ से बचने के लिए रची गुमशुदगी की साजिश, सीसीटीवी फुटेज ने खोला राज

**हामिद खान**
**चंबा।** जिला चंबा की डांड पंचायत से जुड़े 22 वर्षीय युवक की कथित गुमशुदगी का मामला अब एक नए और चौंकाने वाले मोड़ पर पहुंच गया है। शुरुआत में यह मामला गुमशुदगी, फिर हादसे और बाद में हत्या की आशंका तक पहुंच गया था, लेकिन पुलिस जांच में सामने आए तथ्यों ने पूरे घटनाक्रम की तस्वीर बदल दी है। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि युवक ने ऑनलाइन गेमिंग के चलते बढ़े कर्ज और आर्थिक दबाव से बचने के लिए अपनी ही गुमशुदगी की कहानी रच डाली।

जानकारी के अनुसार डांड पंचायत निवासी 22 वर्षीय तौफीक पर लाखों रुपये का कर्ज होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि ऑनलाइन गेमिंग में हुए नुकसान के कारण वह आर्थिक संकट में घिर गया था। इसी दबाव से निकलने के लिए उसने खुद को लापता दिखाने की योजना बनाई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस कथित योजना में उसके बड़े भाई शहजाद की भूमिका भी जांच के दायरे में है। मामले में उस समय बड़ा खुलासा हुआ जब विभिन्न स्थानों से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज में तौफीक को जिला छोड़कर जाने वाली बस में सवार होते हुए देखा गया। फुटेज सामने आने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि युवक किसी दुर्घटना या आपराधिक घटना का शिकार नहीं हुआ था, बल्कि वह स्वयं योजनाबद्ध तरीके से क्षेत्र से बाहर गया था।

बताया जा रहा है कि बड़े भाई ने भी उसे बस तक पहुंचाने में सहयोग किया था। हालांकि पूरे घटनाक्रम के बावजूद भाई द्वारा अनभिज्ञता जताए जाने को लेकर भी पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले युवक के लापता होने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी थी। बताया गया था कि तौफीक किहार से पठानकोट मुर्गे खरीदने के लिए गया था और उसके पास व्यापार से संबंधित लगभग दस लाख रुपये की नकदी भी थी। रास्ते में उसका मोबाइल फोन बंद हो गया, जिससे परिजनों की चिंता बढ़ गई।

## रॉकफोर्ड में हुई कविता वाचन प्रतियोगिता

**राजन पुरी**
**ऊना।** रॉकफोर्ड सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल ऊना में नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के विद्यार्थियों के लिए कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे आत्मविश्वास के साथ उत्कृष्ट भाव-भंगिमाओं सहित कविताओं का प्रस्तुतीकरण किया।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रारम्भिक अवस्था से ही संप्रेषण कौशल, आत्मविश्वास तथा साहित्य के प्रति रुचि विकसित करना था। ब%चों के प्रभावशाली और भावपूर्ण प्रस्तुतीकरण ने सभी को प्रभावित किया। कविता वाचन प्रतियोगिता में नर्सरी कक्षा से




चक्षप्रीत, सार्थक, अनामिका, साहिब एवं मिताक्षी ने प्रथम स्थान हासिल किया। एलकेजी से अनिका, नैरा एवं दीपांशी और यूकेजी से मिशिका, यशमान, इंसिका, अनैशा एवं अयान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या शगुन सिक्का ने सभी विजेताओं को बधाई दी तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के प्रयासों, सहयोग और प्रोत्साहन की सराहना की।

# जनता ने विकास और सुशासन पर जताया भरोसा : पठानिया

**राजन पुरी**
**ऊना।** प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी राज कुमार पठानिया ने कहा कि नगर निकाय चुनावों के परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि हिमाचल प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार के कार्यकाल और उसकी नीतियों से संतुष्ट नहीं है।

जनता ने विकास, सुशासन और जनकल्याण की राजनीति पर अपना विश्वास जताते हुए भाजपा को ऐतिहासिक समर्थन दिया है। वहीं जनता ने मुख्यमंत्री सूक्खू व उनकी धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर को भी आईना दिखा दिया है।

पठानिया ने कहा कि चार नगर निगमों के 63 वार्डों में से 37 वार्ड जीतकर भाजपा ने लगभग 59 प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। तीन नगर निगमों में पूर्ण बहुमत प्राप्त होना इस बात का प्रमाण है कि जनता विकास और परिणाम आधारित राजनीति के साथ खड़ी है।



वहीं जिला ऊना में जिला परिषद के 17 में से 11 भारतीय जनता पार्टी के पार्षद जीत कर आए हैं। पठानिया ने कहा कि यह केवल स्थानीय निकाय चुनावों का परिणाम नहीं है, बल्कि प्रदेश सरकार के खिलाफ बढ़ते जनअसंतोष का स्पष्ट प्रतिबिंब है। जनता ने सरकार की आर्थिक नीतियों, बढ़ते कर्ज, प्रशासनिक विफलताओं और वादाखिलाफी के खिलाफ अपना मत दिया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जिले में भी कांग्रेस को अपेक्षित समर्थन नहीं मिल पाया, जो सरकार की घटती स्वीकार्यता को दर्शाता है। यदि मुख्यमंत्री जनमत और लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हैं, तो उन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद पर बने रहने पर विचार करना चाहिए।

# पंचायत प्रतिनिधि ईमानदारी से काम करें तो सामग्र विकास संभव : अनिल शर्मा

**मुलाकात**

## निर्वाचित पंचायत जन प्रतिनिधियों की विधायक अनिल शर्मा से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी।** सदर विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने पूर्व मंत्री व विधायक अनिल शर्मा से उनके निवास में मुलाकात की । मुलाकात करने वालों में ग्राम पंचायत भरगांव, कसान, बग्गी तुगंल, धन्यारा, पंडोह, गुमाणु, तरनोह एवं वीर के नवनिर्वाचित प्रधान, उप-प्रधान, वार्ड सदस्य, ब्लॉक समिति सदस्य तथा जिला परिषद सदस्य सदयाणा वार्ड परस राम शामिल हैं। सदर विधायक अनिल शर्मा से उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट के दौरान विधायक ने कहा कि नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि पूरी लग्न, ईमानदारी मेहनत और कर्मठता के साथ क्षेत्र के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाएं । लोगों को नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों से बहुत आशा व विश्वास होता है तथा लोगों की आशाओं पर खरा उतने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि पंचायत विकास की रीड की हड्डी होती है तथा पंचायत प्रधान, बीडीसी, जिला परिषद और वार्ड पंच ईमानदारी के साथ काम करें तो पंचायत में समग्र विकास कार्य करवाए जा सकते हैं । उन्होंने कहा कि जिला परिषद सदियाना वार्ड से चुनकर आए परस राम ने एक इतिहास बनाया है तथा उनकी ईमानदारी का उन्हें जरूर फल मिलेगा। जनप्रतिनिधियों ने पंचायतों के समग्र विकास हेतु मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया तथा विधायक से मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक अनिल शर्मा ने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि सदर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सभी के साथ समन्वय स्थापित कर निरंतर कार्य किया जाएगा तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। विधायक अनिल शर्मा ने सभी नवनिर्वाचित प्रधानों, उप-प्रधानों, वार्ड सदस्यों, ब्लॉक समिति सदस्यों एवं जिला परिषद सदस्यों को उनकी ऐतिहासिक विजय पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

# पैन इंडिया मिडिएशन अभियान 2.0 का लाभ उठाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुलवी**

**कुल्लू।** अदालतों में लंबित मामलों को मध्यस्थता, सुलह एवं आपसी सहमति से निपटाने हेतु आरंभ किए गए मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0 अभियान का लाभ उठाने के लिए संबंधित अदालतों में आवेदन किया जा सकता है। इस बारे में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव विशाल तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अदालतों में लंबित मामलों का निपटारा मध्यस्थता, सुलह एवं आपसी सहमति से भी किया जा सकता है। इससे दोनों पक्षों के समय और धन की बचत होगी तथा उनमें सौहार्दपूर्ण संबंध भी बने रहते है। उन्होंने बताया कि अदालतों में कई मामले लंबे समय तक लंबित रहते हैं। इससे दोनों पक्षों का बहुमूल्य समय और धन खर्च होता है व इससे बचने के लिए मध्यस्थता, सुलह एवं आपसी सहमति एक बहुत ही अच्छा माध्यम हो सकता है। उन्होंने बताया कि इसी के मध्यनजर राष्ट्रीय विधिक सेवाएँ प्राधिकरण (नाल्सा) ने मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0 अभियान शुरू किया है। अगर कोई इस अभियान के तहत अपने केस का निपटारा करवाना चाहता है, तो वह संबंधित अदालत में आवेदन कर सकता है। मध्यस्थता के लिए कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वैवाहिक विवाद, चैक बाउंस के मामले, दुर्घटनाओं से संबधित केस, किमिनल कपाउंडेबल अपराध, बीमा और एल.ए. इत्यादि से संबंधित मामलों को संबधित मामलों को निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालतें भी लगाई जाती है। उन्होंने बताया कि अगली राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि 12 सितम्बर निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इस दिन जिला कुल्लू के सभी न्यायिक परिसरों में भी ये अदालतें लगाई जाएंगी, जिसमें लोग अपने मामलों का त्वरित निपटारा करवा सकते हैं।

# निगम चुनाव में कैसे हारी कांग्रेस होगा आत्ममंथन : चेतराम ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी ।** कांग्रेस कमेटी हिमाचल प्रदेश नगर निगम चुनाव में कांग्रेस कैसे हारी इस पर आत्ममंथन होगा । मंडी में चार सदस्य कमेटी के अध्यक्ष चेतराम ठाकुर ने यह जानकारी दी । उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस संगठन ने मंडी, धर्मशाला और सोलन नगर निगम चुनावों में मिली हार के बाद आत्ममंथन शुरू कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने हार के कारणों की पड़ताल के लिए चार सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता चेतराम ठाकुर को संयोजक बनाया गया है। पवन ठाकुर, हरिकृष्ण हिमराल और सत्यजीत सिंह नेगी को सदस्य नियुक्त किया गया है। कमेटी का मुख्य उद्देश्य नगर निगम चुनावों में कांग्रेस को मिली करारी हार के कारणों का पता लगाना है। उन्होंने कहा कि कमेटी केवल चुनावी परिणामों का अध्ययन नहीं करेगी बल्कि संगठन की कार्यप्रणाली, टिकट वितरण, चुनावी रणनीति, स्थानीय नेताओं की भूमिका और कार्यकर्ताओं की नाराजगी जैसे विभिन्न पहलुओं की भी गहन जांच करेगी। इसके लिए जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं और नेताओं से फीडबैक लिया जाएगा। नगर निगम चुनावों के परिणाम कांग्रेस के लिए बेहद निराशाजनक रहे हैं। मंडी नगर निगम की 14 सीटों में से भाजपा ने 12 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस मात्र एक सीट पर सिमट गई। धर्मशाला और सोलन में भी पार्टी उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई। इन नतीजों ने संगठन के भीतर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कमेटी यह भी जांच करेगी कि हार की वजह सरकार के खिलाफ माहौल था या संगठनात्मक कमजोरी थी या फिर गुटबाजी और आपसी खींचतान ने पार्टी को नुकसान पहुंचाया। कई नेताओं की जवाबदेही भी तय हो सकती है

# ठाकुर कुश्ती अकादमी चांदपुर के पहलवान सौरव का भारतीय कुश्ती टीम में चयन



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर,** कुश्ती अकादमी चांदपुर के होनहार युवा पहलवान सौरव का चयन भारतीय अंडर.15 ग्रीको रोमन कुश्ती टीम में हुआ है। सौरव ने लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित ट्रायल में शानदार और एकतरफा प्रदर्शन करते हुए 38 किलोग्राम भार वर्ग में भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का किया। सौरव अब थाईलैंड के पटाया में आयोजित होने वाली अंडर.15 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सौरव अंडर.15 आयु वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हिमाचल प्रदेश का पहले पहलवान बन गए है, जिससे पूरे प्रदेश में खुशी की लहर है।

अकादमी के संचालक व कोच विवेक ठाकुर ने बताया कि सौरव ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल सौरव और उसके परिवार के लिए, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश तथा ठाकुर कुश्ती अकादमी के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि सौरव एशियन चैंपियनशिप में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेगा।

# एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के छठे दिन वॉकाथॉन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर,** 1 एचपी नेवल यूनिट एनसीसी बिलासपुर द्वारा शिवा इंटरनेशनल स्कूल, घुमारवीं में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का छठा दिन विविध प्रशिक्षण एवं रचनात्मक गतिविधियों के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में भाग ले रहे कैडेट्स ने पूरे जोश एवं अनुशासन के साथ दिनभर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। दिन की शुरुआत 200 जूनियर विंग कैडेट्स की वॉकाथॉन से हुई। इस गतिविधि का उद्देश्य कैडेट्स में शारीरिक फिटनेस, सहनशीलता एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। दोपहर के सत्र में कैडेट्स के लिए विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण कक्षाओं का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त कैडेट्स को फायरिंग प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कैडेट्स ने फायरिंग अभ्यास में विशेष रुचि दिखाई। इसके उपरांत शिविर में रस्साकशी प्रतियोगिता, विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा क्विज प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले आयोजित किए गए। शाम के समय आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों के अंतर्गत कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल में भाग लिया। गीत, नृत्य एवं अन्य प्रस्तुतियों के अभ्यास के दौरान कैडेट्स की प्रतिभा एवं आत्मविश्वास देखने योग्य रहा। कैम्प कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सज्जन कुमार ने कैडेट्स के उत्साह, अनुशासन एवं सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी शिविर का उद्देश्य युवाओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि खेलकूद, फायरिंग, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन तथा राष्ट्र सेवा की भावना का विकास होता है। उन्होंने सभी कैडेट्स को प्रत्येक गतिविधि में पूर्ण समर्पण के साथ भाग लेने तथा शिविर से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# भारी भूस्खलन से मंडी, कोटली, धर्मपुर एनएच सड़क मार्ग बंद



**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी।** मण्डी-धर्मपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लागधार के पास भारी भूस्खलन होने से अवरुद्ध हो गया। सड़क निर्माण के लिए बड़ी मशीनों के माध्यम से पहाड़ी की कटिंग की जा रही थी। यह कार्य सुबह के समय किया जा रहा था। पहाड़ी में कटिंग के दौरान भूस्खलन हुआ जिससे सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया जिससे मंडी और धर्मपुर जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क बंद होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।
स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह का समय स्कूल, कॉलेज, कार्यालय और अन्य जरूरी कार्यों के लिए सबसे व्यस्त रहता है। ऐसे समय में सड़क बंद हो जाने से विद्यार्थियों, कर्मचारियों और दैनिक यात्रियों को काफी परेशानी हुई। कई लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जबकि कुछ को वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ा। लोगों ने प्रशासन और निर्माण कंपनी से मांग की है कि कटिंग जैसे कार्य कम यातायात वाले समय में किए जाएं तथा सड़क बंद करने से पहले लोगों को इसकी सूचना दी जाए। उनका कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य जरूरी है, लेकिन आम जनता की सुविधा का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

# पार्वती पावर स्टेशन के प्रमुख पहुंचे बाल आश्रम बिहाली



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू ।** पार्वती पावर स्टेशन के महाप्रबंधक प्रभारी सुधीर कुमार नेगी ने देर शाम कुल्लू जिला के बिहाली में स्थापित बाल आश्रम का दौरा किया। उनके साथ लारजी पंचायत के पूर्व प्रधान गुड्डू राम व अन्य लोग भी शामिल रहे। बाल आश्रम में पहुंचकर एनएचपीसी के अधिकारी सुधीर नेगी ने जहां अनाथ बच्चों के साथ अपना जन्म दिवस मनाया वहीं अनाथ बच्चों के लिए पेश आ रही समस्याओं को भी गंभीरता से सुना। पार्वती पावर स्टेशन के प्रमुख ने आश्रम में बच्चों के लिए फल व अन्य सामग्री वितरित किए ।बाल आश्रम बिहाली की संचालिका नीतू चौहान ने पार्वती पावर स्टेशन के प्रमुख सुधीर नेगी से आश्रम में पेश आ रही समस्याओं को उजागर किया। उन्होंने बताया कि बाल आश्रम से रोजाना 6 से 18 वर्ष तक के दस बच्चे सैंज स्कूल में पढ़ाई करने जाते हैं लेकिन परिवहन सुविधा न होने के चलते उन्हें समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा आश्रम में अपर्याप्त सुविधा का भी अभाव है। इस मौके पर एनएचपीसी के अधिकारी ने बाल आश्रम की समस्याओं को लेकर हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

# कुनिहार में होगा राष्ट्रीय पैसापाल्लो चैंपियनशिप का आयोजन: दीप चंद शर्मा




**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर,** हिमाचल प्रदेश पैसापाल्लो एसोसिएशन के महासचिव दीप चंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कुनिहार में 9 जून से 11 जून तक राष्ट्रीय पैसापाल्लो चैंपियनशिप होगी जिसकी तैयारियां चल रही है। इसी के चलते एक महत्वपूर्ण बैठक को विनोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पैसापाल्लो चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस चैंपियनशिप में वरिष्ठ पुरुष, महिला, मिश्रित वर्ग तथा कनिष्ठ बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों महाराष्ट्र, तेलंगाना, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर, छत्तीसगढ़ए हिमाचल प्रदेश और पंजाब से लगभग 200 से 250 खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग लेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से हुकम चन्द ठाकुर को चैंपियनशिप का मुख्य आयोजक नियुक्त किया गया। दुर्गा नंद को वित्त समिति का अध्यक्ष बनाया गया, जबकि तकनीकी समिति का अध्यक्ष चेतन पगवाड़ को मनोनीत किया गया। तकनीकी समिति में प्रकाश ठाकुर, आदि।

# नहर में मिला लापता महिला का शव, पुलिस कर रही जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल शर्मा**

**नेरचौक,** पुलिस थाना बल्ह के अंतर्गत गुमशुदा चल रही एक महिला का शव बीबीएमबी नहर में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान तारा देवी (31) पत्नी अनिल कुमार निवासी गांव भ्याराटा, डाकघर चुनाहण, तहसील बल्ह, जिला मंडी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार तारा देवी की गुमशुदगी की रिपोर्ट 26 मई 2026 को पुलिस थाना बल्ह में दर्ज करवाई गई थी। इसके बाद पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली कि निचली बैहली स्थित बीबीएमबी नहर में एक शव पानी में है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे।

# जनगणना सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय गतिविधियों में से एक है : गौरव



**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी ।** जनगणना-2027 के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के दृष्टिगत आज उपमंडलाधिकारी नागरिक करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में एसडीएम सभागार व खंड विकास अधिकारी कार्यालय करसोग में जनगणना कार्य से संबंधित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें लगभग 100 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में 04 जून से 06 जून तक 100 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को और दूसरे चरण में 10 जून से 12 जून तक 66 कर्मचारियों सहित कुल 166 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जनगणना संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि जनगणना सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय गतिविधियों में से एक है, जिसके आधार पर विभिन्न विकासात्मक योजनाओं एवं नीतियों का निर्माण किया जाता है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को जनगणना कार्य को गंभीरता, निष्पक्षता एवं पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ संपन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी टीम वर्क की भावना से काम करें।

# पंचायतें ग्रामीण विकास की रीढ़, क्षेत्र के समग्र विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रकाश राणा



**सम्मानित**

## नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपने निवास स्थान पर किया सम्मानित, धाम का भी हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर विधान सभा क्षेत्र से जीतकर आए सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का वीरवार को जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने अपने निवास स्थान गोलवां में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया,जिसमें विधायक प्रकाश राणा और उनकी धर्मपत्नी रीमा राणा ने समारोह में चौंतड़ा और द्रंग विकास खंड की 63 पंचायतों के प्रतिनिधियों को सम्मानित कर उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी ।इस अवसर पर विधायक प्रकाश राणा ने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं और क्षेत्र के समग्र विकास में जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधि मिलकर गांवों में विकास कार्यों को गति दें और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें। उन्होंने क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों को आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास के लिए उनके द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि जब किसी व्यक्ति के अंदर घमंड आ जाए तो समझो उस का अंत आ चुका है ।राणा ने कहा कि आज के इस दौर में अपने घर के सदस्यों का दिल जीतना मुश्किल हो रहा है तो पंचायत चुनाव में जीत के लिए सबका दिल जीतना कितना मुश्किल काम है ।उन्होंने सभी जीते हुए नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि चुनाव के दौरान हुए मतभेदों को भुलाकर सब मिलकर अपनी अपनी पंचायतों के विकास के लिय एक जुट होकर कार्य करें ।इस अवसर पर नेर घरबासड़ा वार्ड से जीतकर आई जिला परिषद सदस्य बिंदु बाला ने कहा कि उनकी ये जीत मेरी अकेली की नहीं बल्कि पूरे नेर घरबासड़ा वार्ड की जनता और कार्यकर्ताओं की जीत है ।कार्यक्रम के दौरान जीतकर आए सभी नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने भी विधायक प्रकाश राणा के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अजय सकलानी,नेर घरबासड़ा वार्ड से जिला परिषद सदस्य बिंदु बाला,लडभड़ोल जोन के अध्यक्ष लक्की ठाकुर,चौंतड़ा जोन के अध्यक्ष परवीन कुमार, जोगिंद्रनगर जोन के अध्यक्ष संजय शर्मा, जोगिंद्रनगर भाजपा मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव सूद,मंडल महामंत्री शक्ति राणा,नगर परिषद जोगिंद्रनगर के नवनिर्वाचित सदस्य शिखा,संतोष शर्मा, रितु,प्यार चंद वालिया,तथा चौंतड़ा आदि।

# राज्यपाल ने इन्द्र जीत को प्रशंसनीय पत्र देकर किया सम्मानित

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश की लोकसंस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रसिद्ध हिमाचली लोकगायक इन्द्र जीत को माननीय राज्यपाल कविंदर गुप्ता द्वारा लोक भवन, शिमला में प्रशंसनीय पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया जिला कुल्लू के साधारण ग्रामीण परिवेश से निकलकर इन्द्र जीत ने अपनी मेहनत, लगन और लोकसंगीत के प्रति समर्पण के बल पर देश-विदेश में विशेष पहचान बनाई है। उनके लोकप्रिय लोकगीत लाड़ी शाऊंणी, पाखली माणु, बुधूआ मामा, तिरछी नज़रे तथा सोलमा लाड़ी सहित सैकड़ों गीतों ने हिमाचली लोकसंगीत को नई पहचान दिलाई है।

# सड़क निर्माण के चलते लोगों को आ रही समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें मोर्थ : अपूर्व



**टीम, एक्शन इंडिया**

**मंडी ।** मंडी जिला में निर्माणाधीन हमीरपुर से मंडी वाया धर्मपुर कोटली राष्ट्रीय राजमार्ग 70 की प्रगति और प्रभावित लोगों की शिकायतों के समाधान को लेकर आज मंडी में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में 17 नवंबर 2025 में हुई बैठक में दिए गए दिशानिर्देशों पर की गई कार्यवाही पर भी चर्चा की गई। बैठक में मंडी सदर के विधायक अनिल शर्मा, धर्मपुर के विधायक चन्द्रशेखर , उपायुक्त अपूर्व देवगन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) के परियोजना निदेशक रोमी धनखड़, अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, एसडीएम मंडी सदर, कोटली, सरकाघाट और धर्मपुर , लोक निर्माण, जलशक्ति और बिजली बोर्ड तथा सड़क निर्माण में कार्य कर रही एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सदर के विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान कुछ स्थानों पर जल भराव की समस्या आ रही है,कुछ लोगों के घरों को अभी सुरक्षा दीवार लगाई जानी है जबकि कुछ घरों को जाने वाले क्षतिग्रस्त रातों का निर्माण कार्य किया जाना है, इनका समाधान बरसात से पहले किया जाना जरूरी है।

# लोहारडी पंचायत को क्लीन एंड ग्रीन पंचायत श्रेणी में देशभर में तीसरा स्थान, पंचायत को मिली 25 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि



**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडी।** मंडी जिला की ग्राम पंचायत लोहारडी ने पंचायतों के समग्र विकास के दृष्टिगत क्लीन एंड ग्रीन पंचायत की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान हासिल किया है। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की ओर से आज नई दिल्ली में आयोजित समारोह में जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा तथा पंचायत सचिव रजत शर्मा ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने इस उपलब्धि के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों, पंचायत प्रतिनिधियों सहित पंचायतवासियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पंचायतों के समग्र विकास के लिए 9 बिंदू चिह्नित किए गए हैं। इन्हीं में से एक क्लीन एंड ग्रीन पंचायत श्रेणी में बल्ह विकास खंड की लोहारडी पंचायत ने देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छता के दृष्टिगत पंचायत में प्लास्टिक कचरा एकत्र करने के लिए एक व्यक्ति को नियुक्त किया गया है, जो इसे निष्पादन के लिए आगे भेजता है। प्लास्टिक कचरे के सुव्यवस्थित निस्तारण के लिए इसे अलग-अलग करने के उद्देश्य से एक शेड भी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त बड़े स्तर पर पंचायत क्षेत्र में पौधारोपण किया गया है और लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। पंचायत में सौर ऊर्जा से सिंचाई की सुविधा, कूहल, स्वच्छ जल, स्वच्छ ईंधन के साथ ही शौचालयों के निर्माण व उपयोग पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। अमृत सरोवर का निर्माण भी पंचायत में किया गया है।

# बेली ब्रिज लॉन्चिंग के लिए धारा-छतराणी मार्ग 10 जून तक बंद

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू,** धारा-छतराणी मार्ग पर रातोचा के समीप नए बेली ब्रिज की लॉन्चिंग के चलते इस मार्ग पर 3 जून से 10 जून तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी।

जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार धारा-छतराणी मार्ग पर स्थित क्षतिग्रस्त बेली ब्रिज को हटाने का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा यातायात की अस्थायी व्यवस्था के लिए निजी भूमि से वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया है। अब नए बेली ब्रिज को स्थापित करने का कार्य आरंभ किया जा रहा है, जिसके मद्देनजर लोगों और निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों की सुरक्षा को देखते हुए मार्ग को अस्थायी रूप से बंद किया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, पति व ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल शर्मा**

**नेरचौक,** थाना बल्ह के अंतर्गत एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के भाई ने पति, सास और ननद पर मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है ।पुलिस को दी शिकायत में रविकांत पुत्र लक्ष्मी चंद निवासी गांव लाग, डाकघर मलोह, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी ने बताया कि उसकी छोटी बहन कुशमा देवी उर्फ शालू का विवाह अमित कुमार पुत्र लाल सिंह निवासी गांव रठोहा, डाकघर टिक्कर, तहसील बल्ह के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। शिकायतकर्ता के अनुसार विवाह के कुछ वर्षों बाद से ही कुशमा देवी को उसका पति, सास तथा छोटी ननद शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि इसी प्रताड़ना से परेशान होकर कुशमा देवी ने आत्मघाती कदम उठाया। रविकांत ने बताया कि 3 जून को उसके मामा कैप्टन सुरेंद्र कुमार ने सूचना दी कि कुशमा देवी ने अपने घर गांव रठोहा में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उसकी बहन ने ससुराल पक्ष के व्यवहार से तंग आकर यह कदम उठाया है तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए ।पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और घटना के सभी पहलुओं की गहन जांच शुरू कर दी

# माँ शूलिनी मेला परम्परागत रूप से किया जाएगा आयोजित-डॉ. शांडिल

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि लोगों की आस्था का प्रतीक माँ शूलिनी मेला इस वर्ष भी परम्परागत रूप से 26, 27 व 28 जून, 2026 को आयोजित किया जाएगा। डॉ. शांडिल आज यहां माँ शूलिनी मेला के आयोजन के सम्बन्ध में शूलिनी मेला समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने संबंधित अधिकारियों को हर वर्ष की भांति पूजा स्थल व माँ शूलिनी की शोभायात्रा से सम्बन्धित सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शोभा यात्रा के दौरान आवागमन की सुचारू व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष प्रबंध करने को भी कहा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को शूलिनी माता



मंदिर से शोभा यात्रा आरम्भ स्थल तक मार्ग की मुरम्मत करने के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने मेले से सम्बन्धित विभिन्न समितियां शीघ्र गठित करने के निर्देश दिए। डॉ. शांडिल ने उपमण्डलाधिकारी सोलन को निर्देश दिए कि विभिन्न स्थानों पर लगने वाले भण्डारों की समय सारणी सुनिश्चित करें ताकि श्रद्धालु सुव्यवस्थित ढंग से भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर सके। उन्होंने मेले के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखने और विशेष तौर पर भण्डारा स्थलों के आस-पास साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को मेले के दौरान शहर में पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाए रखने तथा भण्डारों में जल वितरण के बर्तनों को ढक कर रखवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने हिमाचली लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न ज़िलों के सांस्कृतिक दलों को आमंत्रित करने तथा हिमाचली कलाकारों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उचित स्थान देने के निर्देश

# उच्च शिक्षा के लिए सिरमौर में 75 विद्यार्थियों को मिला लाभ

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की छात्रवृत्ति योजना श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा का मजबूत सहारा बन रही है। जिला सिरमौर में जिला कामगार कल्याण कार्यालय के माध्यम से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को विभिन्न शैक्षणिक स्तरों पर वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।योजना के तहत पहली से आठवीं कक्षा तक 8400 रुपये तथा नौवीं से बारहवीं कक्षा तक 12 हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाती है। वहीं स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए 36 हजार रुपये से लेकर 1.20 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक की सहायता का प्रावधान है। जोगीवन की संध्या ठाकुर को कंप्यूटर डिप्लोमा के लिए 48 हजार रुपये की सहायता मिली, जबकि नाहन तहसील के ग्राम धौण की निकिता ठाकुर और अंजली को स्नातक शिक्षा के लिए 72-72 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त हुई। लाभार्थियों ने कहा कि इस आर्थिक सहायता से उनकी पढ़ाई जारी रखने में काफी मदद मिली है।जिला कामगार कल्याण अधिकारी पारितोष तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक जिला सिरमौर के 75 पात्र विद्यार्थियों को इस योजना के तहत लाभान्वित किया जा चुका है, जिस पर 21.41 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।

उन्होंने पात्र श्रमिक परिवारों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य श्रमिकों के बच्चों को बेहतर शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराकर उनका भविष्य संवारना है।

# घुमारवीं अस्पताल में एक बैड पर दो-दो, तीन-तीन मरीज, व्यवस्था पर सवाल उठना लाजमी: गर्ग

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर,** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने वीरवार को सिविल अस्पताल घुमारवीं का औचक निरीक्षण किया तथा इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को सवालों के कटघरे में खड़ा किया। निरीक्षण के दौरान मरीजों की बढ़ती संख्या और बिस्तरों की कमी पर चिंता जताते हुए उन्होंने दावा किया कि कई वार्डों में एक.एक बैड पर दो.दो मरीजों को भर्ती किया गया है, जबकि कुछ स्थानों पर तीन.तीन मरीज भी एक ही बिस्तर सांझा करने को मजबूर हैं। अस्पताल का जायजा लेने के बाद गर्ग ने प्रदेश सरकार और स्थानीय विधायक एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के दावे करने वाली कांग्रेस सरकार की वास्तविकता घुमारवीं



अस्पताल में दिखाई दे रही है। मरीजों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं और स्वास्थ्य व्यवस्था लगातार दबाव में है। निरीक्षण के दौरान पूर्व मंत्री ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर समस्याएं सुनीं। मरीजों ने बिस्तरों की कमी और अन्य सुविधाओं के अभाव की शिकायतें उनके समक्ष रखीं। गर्ग ने कहा कि घुमारवीं, झंडूता और सदर विधानसभा क्षेत्रों के हजारों लोगों के लिए यह प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान है, लेकिन यहां मूलभूत सुविधाओं की कमी लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अस्पताल का दर्जा 50 से बढ़ाकर 100 बैड किया गया था, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इसके बावजूद वर्तमान में मरीजों को बिस्तरों और अन्य सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है।

# पांवटा साहिब के अभिनव ठाकुर का भारतीय अंडर-17 वॉलीबॉल टीम में चयन

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** जिला सिरमौर के पांवटा साहिब के अभिनव ठाकुर का चयन भारतीय अंडर-17 (17 वर्ष से कम आयु वर्ग) वॉलीबॉल टीम के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है। यह उपलब्धि जिले के खेल जगत के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण मानी जा रही है। जिला सिरमौर वॉलीबॉल संघ के महासचिव भूपेंद्र चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 17 वर्ष से कम आयु वर्ग विश्व वॉलीबॉल चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन 19 से 29 अगस्त तक क़तर में किया जाएगा। इसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता को ध्यान में रखते



हुए भारतीय अंडर-17 वॉलीबॉल टीम के संभावित खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अभिनव ठाकुर को अवसर मिला है।

इस अवसर पर जिला सिरमौर वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष पृथ्वीराज ठाकुर एवं महासचिव भूपेंद्र चौहान ने अभिनव के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आशा जताई कि अभिनव प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम में अंतिम चयन प्राप्त करेगा। संघ पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि यदि अभिनव का भारतीय टीम में चयन होता है, तो वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश तथा देश का नाम रोशन करेगा।

## राजगढ़ स्कूल हॉस्टल की जमीन की हुई निशानदेही, अतिक्रमण की चर्चाओं पर लगा विराम

एसपी जैरथ

**नाहन।** राजगढ़ स्थित शिरगुल मंदिर के समीप राजगढ़ स्कूल हॉस्टल की भूमि की गुरुवार को राजस्व विभाग द्वारा निशानदेही की गई। इस दौरान पटवारी और कानूनगो की टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि का निरीक्षण किया तथा आसपास की भूमि के सभी संबंधित मालिकों को भी मौके पर बुलाया गया। निशानदेही के दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, विद्यालय के अध्यापक तथा अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से स्कूल हॉस्टल की जमीन पर कथित अतिक्रमण को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं चल रही थीं, जिसके बाद भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए राजस्व विभाग ने निशानदेही की प्रक्रिया

## राजगढ़ स्कूल हॉस्टल की जमीन की हुई निशानदेही, अतिक्रमण की चर्चाओं पर लगा विराम

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाह।** राजगढ़ स्थित शिरगुल मंदिर के समीप राजगढ़ स्कूल हॉस्टल की भूमि की गुरुवार को राजस्व विभाग द्वारा निशानदेही की गई। इस दौरान पटवारी और कानूनगो की टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि का निरीक्षण किया तथा आसपास की भूमि के सभी संबंधित मालिकों को भी मौके पर बुलाया गया।

निशानदेही के दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, विद्यालय के अध्यापक तथा अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से स्कूल हॉस्टल की जमीन पर कथित अतिक्रमण को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं चल रही थीं, जिसके बाद भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए राजस्व विभाग ने निशानदेही की प्रक्रिया पूरी की।

स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा ने बताया कि राजस्व विभाग की ओर से किए गए मुआयने में स्कूल की भूमि पूरी तरह सुरक्षित पाई गई है।

उन्होंने कहा कि स्कूल की जमीन पर किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई अतिक्रमण नहीं किया गया है और स्कूल की जितनी भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, वह मौके पर भी उसी स्थिति में मौजूद है।

उन्होंने कहा कि निशानदेही के बाद अतिक्रमण संबंधी सभी आशंकाएं और चर्चाएं निराधार साबित हुई हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने भी राजस्व विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई का स्वागत किया है, जिससे भूमि की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक आयोजित



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर,** उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में बचत भवन बिलासपुर में जिला स्तरीय पोषण समिति (डिस्ट्रिक्ट न्यूट्रिशन कमेटी) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शिशुओं, बच्चों, धात्री माताओं एवं गर्भवती महिलाओं के पोषण स्तर में व्यापक सुधार लाने के लिए विभिन्न विभागों के मध्य प्रभावी अभिसरण को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि कुपोषण विषय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आयुर्वेद, शिक्षा, कृषि, बागवानी, जल एवं स्वच्छता, ग्रामीण विकास तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़ा एक बहुआयामी विषय है। ऐसे में सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से ही जिला बिलासपुर को कुपोषण मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिला पोषण समिति विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर तालमेल स्थापित कर पोषण संबंधी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि जिला पोषण समिति के गठन का उद्देश्य जिला में पोषण संबंधी गतिविधियों की नियमित निगरानी, पोषण संकेतकों की समीक्षा, विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करना तथा पोषण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित बनाना है।

समिति बच्चों में स्टंटिंग, वेस्टिंग एवं अल्पवजन जैसे संकेतकों की निगरानी करेगी तथा एनीमिया और कुपोषण की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाएगी। इसके अतिरिक्त पूरक पोषण आहार की गुणवत्ताए टेक.होम राशन की जांचए आंगनवाड़ी केन्द्रों में गुणवत्तापूर्ण भोजन की उपलब्धता तथा पोषण संबंधी जागरूकता गतिविधियों की भी नियमित समीक्षा की जाएगी। उपायुक्त ने सभी विभागों को पोषण अभियान को जनभागीदारी से जोड़ते हुए इसे जन आंदोलन का स्वरूप देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के समन्वित प्रयासों, नियमित निगरानीए सामुदायिक सहभागिता और प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से जिला बिलासपुर को कुपोषण मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।

# पुष्पिंद्रा महाजन को हिमाचल प्रदेश के महामहिम राज्यपाल ने किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर,** सेवानिवृत्त शिक्षिका एवं पी.3.वाई सिस्टम (परमजी .पीपीआर.परमयोग) की प्रचारक पुष्पिंद्रा महाजन को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता द्वारा एक प्रतिष्ठित समारोह में सम्मानित किया गया। यह अवार्ड समारोह शिमला में आयोजित हुआ। जिसमें राज्यपाल ने उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिह्न भेंट किया। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के धर्मशाला की निवासी पुष्पिंद्रा महाजन वर्ष 1992 से प्राचीन सनातन



परम विज्ञान पी.3.वाई सिस्टम से जुड़ी हुई हैं। तब से लेकर आज तक वे देश के लाखों लोगों को इस दिव्य एवं वैज्ञानिक प्रणाली का ज्ञान प्रदान कर चुकी हैं। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को यह सिखाने का अथक प्रयास किया है कि वर्तमान जीवन को अधिक सुखीए सम्पन्नए निरोगए शांत एवं आनंदमय कैसे बनाया जा सकता है। उनका समर्पणए सेवा.भाव एवं मानव कल्याण के प्रति निष्ठा अत्यंत प्रेरणादायक है। इस अवसर पर राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने पुष्पिंद्रा महाजन के निस्वार्थ सेवा.भाव, समर्पण एवं मानवता के उत्थान हेतु किए जा रहे उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भाजपा समर्थित 13 नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों का नाहन में स्वागत



टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन ।** आज सिरमौर भाजपा कार्यालय 'दीप कमल' नाहन में सिरमौर जिला के भाजपा समर्थित 13 नव-निर्वाचित जिला परिषद सदस्यों का स्वागत-अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। सिरमौर जिला प्रभारी डॉ. संजय ठाकुर , विधायक रीना कश्यप , बलदेव तोमर , नारायण सिंह , बलदेव भंडारी व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे। डॉ. राजीव बिंदल ने सभी नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि सिरमौर जिला परिषद में भाजपा को इतनी बड़ी सफलता मिली है। कांग्रेस केवल तीन सीटों तक सिमट गई जबकि एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार के खाते में गई। उन्होंने कहा कि सिरमौर की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह वर्तमान सरकार के कामकाज से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों के प्रभाव क्षेत्रों में भाजपा की बड़ी जीत इस बात का प्रमाण है कि जनता अब कांग्रेस की राजनीति को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। जिन क्षेत्रों को कांग्रेस अपना मजबूत गढ़ मानती थी, वहां भी जनता ने भाजपा को भारी समर्थन देकर सत्ता के अहंकार को जवाब दिया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में भ्रष्टाचार बढ़ा है, कानून व्यवस्था कमजोर हुई है और विकास कार्य ठप पड़े हैं। अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी है, स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हैं, पशु चिकित्सालयों में पर्याप्त स्टाफ नहीं है, शिक्षा व्यवस्था संकट में है और अनेक संस्थानों पर ताले लगाने की नौबत आ गई है।

# टोल प्लाजा सनवारा के पास युवक से 6.16 ग्राम चिट्टा बरामद, गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
विशाल

**कसौल। जिला** सोलन पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (SIU) ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 6.16 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एस आई यू की टीम को को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक टोल प्लाजा सनवारा के आसपास नशीले पदार्थ की खेप लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 6.16 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान राकेश कुमार उर्फ चिंगी, निवासी विकास मोहल्ला, शिव मंदिर के समीप, रबोन, जिला सोलन के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले की आगामी जांच जारी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी यह नशीला पदार्थ कहां से लाया था और इसे किसे सप्लाई किया जाना था।

## नम्होल में स्थायी चिकित्सक की मांग को लेकर डीसी को जिला पार्षद सुरभि ने सौंपा ज्ञापन

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर,** नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य अधिवक्ता सुरभि ठाकुर ने डीसी बिलासपुर राहुल कुमार के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन प्रेषित कर मांग की है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नम्होल में स्थायी चिकित्सक की नियुक्ति की जाए। ज्ञापन में सुरभि ठाकुर ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नम्होल में लंबे समय से किसी भी चिकित्सक की स्थायी तैनाती नहीं है। स्थायी डाक्टर के अभाव में नम्होल तथा आसपास के गांवों के निवासियों को समय पर चिकित्सा उपचार



प्राप्त करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे तथा आपातकालीन मरीज प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों को सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी काफी लंबी दूरी स्थित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर जाना पड़ रहा है जिससे उनका अतिरिक्त समय व पैसा खर्च हो रहा है।

## पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को मिला जनसमर्थन: रणधीर शर्मा

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर



**बिलासपुर,** श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को मिली सफलता पर क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया है। प्रेस को जारी एक बयान में रणधीर शर्मा ने कहा कि जिला परिषद चुनावों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने दो सीटों पर विजय प्राप्त कर पार्टी के प्रति जनता के विश्वास को पुनः प्रमाणित किया है। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति चुनावों में भी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को उल्लेखनीय सफलता मिली है तथा 12 सदस्यीय पंचायत समिति में 8 सीटों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी विजयी रहे हैं। इसके अतिरिक्त स्वारघाट पंचायत समिति में 15 में से 9 सीटों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। रणधीर शर्मा ने कहा कि यह परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओंए संगठन की मजबूत कार्यशैली तथा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास, सुशासन और पारदर्शी प्रशासन की नीतियों पर अपनी मुहर लगाई है। उन्होंने सभी विजयी जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अपने.अपने क्षेत्रों के समग्र विकास तथा जनसेवा के कार्यों को प्राथमिकता देंगे। विधायक रणधीर शर्मा ने चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने वाले भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का भी धन्यवाद किया तथा कहा कि पार्टी जनता के विश्वास को बनाए रखते हुए क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

## सशक्त नारी, समृद्ध सिरमौर' विषय पर महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

एसपी जैरथ

**नाहन।** महिला एवं बाल विकास विभाग, द्वारा जिला सिरमौर के विकास खंड संगडाह के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नोहराधार में ''सशक्त नारी, समृद्ध सिरमौर'' विषय पर संकल्प हब सिरमौर द्वारा एक दिवसीय महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मासिक धर्म स्वच्छता, दहेज निषेध, वन स्टॉप सेंटर, आंगनबाड़ी सह क्रेच, तथा कामकाजी महिला हॉस्टल' योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं, किशोरियों और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नोहराधार के प्रधानाचार्य जितेंद्र चौहान ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए

# किन्नौर के 42 स्थानों पर शुरू हुआ माहभर चलने वाला 'खेत बचाओ अभियान'

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन।** किन्नौर के 42 स्थानों पर शुरू हुआ माहभर चलने वाला 'खेत बचाओ अभियान' डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के अधीन कार्यरत कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), किन्नौर ने हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र में सतत एवं जलवायु-अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले भर में एक माह तक चलने वाले जागरूकता अभियान 'खेत बचाओ अभियान-2026' का शुभारंभ किया। यह अभियान भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के सहयोग से देशव्यापी स्तर पर संचालित किया जा रहा है। अभियान का औपचारिक शुभारंभ पूह विकास खंड के उच्च हिमालयी गांवों नाको और स्पीलो से किया गया। यह पहल दूर-दराज के किसानों तक वैज्ञानिक एवं सतत कृषि तकनीकों को पहुंचाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अभियान के लिए केवीके किन्नौर के प्रभारी एवं सह-निदेशक




(अनुसंधान) डॉ. प्रमोद शर्मा ने उपनिदेशक उद्यान डॉ. शमशेर सिंह तथा आत्मा परियोजना निदेशक डॉ. रमेश लाल के साथ मिलकर दो बहु-विषयक टीमों का गठन किया है। इन टीमों में केवीके के वैज्ञानिक पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. डी.पी. भंडारी, फल वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार, कीट वैज्ञानिक डॉ. बुधि राम एवं फल वैज्ञानिक डॉ. दीपिका के साथ-साथ उद्यान एवं कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के अधिकारी शामिल हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि यह अभियान किन्नौर जिले के तीनों विकास खंडों के 42 स्थानों को कवर करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रमों, किसान-वैज्ञानिक संवाद, क्षेत्रीय प्रदर्शनों और जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से किसानों तक वैज्ञानिक कृषि सिफारिशें पहुंचाई जाएंगी तथा उन्हें सतत कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत नाको और स्पीलो गांवों में जागरूकता कार्यक्रम, समूह चर्चाएं और क्षेत्रीय प्रदर्शन आयोजित किए गए। किसानों को रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग के दुष्प्रभावों तथा मृदा परीक्षण आधारित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

## नम्होल पंचायत प्रधान रामेश्वरी ठाकुर का जिला लघु उद्योग संघ ने किया सम्मान



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर,** जिला लघु उद्योग संघ द्वारा नम्होल पंचायत की प्रधान रामेश्वरी ठाकुर को दूसरी बार प्रधान निर्वाचित होने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी उद्योगपतियों के साथ जलपान किया गया तथा विचारों का सार्थक आदान.प्रदान हुआ। गौर रहे कि रामेश्वरी ठाकुर जिला लघु उद्योग संघ के महासचिव इंदर ठाकुर की धर्मपत्नी हैं। समारोह में जिला लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष प्रेम डोगरा, मुख्य संरक्षक डॉ. तेज प्रताप पांडेय, महामंत्री तुषार डोगरा, कोषाध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व अध्यक्ष इंद्र डोगरा, जगदीश ठाकुर सहित वरिष्ठ उद्यमियों में डोगरा ड्रग्स, मॉडल इंडस्ट्री के एमडी हर्ष दबड़ा, पीएल शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार अरुण डोगरा रीतू, आदि।

Himachal Pradesh
Jal Shakti Vibhag

**"Notice Inviting e-Tenders"**

Online bids on item rate basis are invited by the Executive Engineer, Jal Shakti Division Amb, Distt. Una (HP) on behalf of Governor of Himachal Pradesh, through electronic tendering system in two covers, from the eligible contractors/firms enlisted with Jal Shakti Vibhag in appropriate class for the below noted work :-

| Sr. No. | Name of work | Estimated Cost (In ₹) | Earnest Money (In ₹) | Cost of Tender document (In ₹) | Time Limit (In Days) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Source level augmentation of left-out water supply schemes to Mata Shree Chintpurni Ji Temple area in Chintpurni Constituency Tehsil Amb Distt Una (H.P) "(Mata Ka Baag) (Sub Head:- Construction of Civil work providing, laying ,jointing and testing of Rising main supply and errection of centrifugal pumping machinery along-with its all allied accessories complete etc.) | 25238808.00 | 327388.00 | 7000.00 | 450 |

Key Dates.

| Sr. No. | Activity | Date & Time |
|---|---|---|
| I | Online publication of tender | 03.06.2026 at 5:00 PM |
| II | Start of downloading e-tender documents | 03.06.2026 at 5:00 PM |
| III | Last date for downloading tender documents | 15.06.2026 up to 11:00 AM |
| IV | Last date for submission of bids (Cover-1 & Cover-2) | 15.06.2026 up to 11:00 AM |
| V | Opening of Cover-1 (Eligibility Information) | 15.06.2026 at 11:30 AM* |
| VI | Online submission of EMD and tender cost | Up to 11:00 AM on 15.06.2026 |
| VII | Opening of Financial Bid | To be intimated separately |

Other detailed conditions can be downloaded from website https://hptenders.gov.in .For any clarification please contact the O/O Executive Engineer, Jal Shakti Division Amb.

Office E-mail ID:eejsvdivisionamb812@gmail.com
Office Telephone No.:98165-86325 (As no telephone facility is available in the Division Office, this mobile number may be used for communication.)
e-Tendering Website:- HP e-Tendering Portal

Executive Engineer
Jal Shakti Division Amb
Distt. Una (HP)

**RO No. 0873/2026-2027**

## संपादकीय

# वैश्विक तनावों के बीच भारत की आर्थिक दृढ़ता

**पश्चिम** एशिया में जारी तनाव, वैश्विक व्यापार में सुस्ती और विकसित अर्थव्यवस्थाओं की कमजोर पड़ती मांग के बीच यदि कोई देश अपेक्षाकृत आत्मविश्वास के साथ आज आगे बढ़ता दिखाई देता है, तो वह भारत है। वित्त वर्ष 2026-27 की शुरूआत में सामने आए जीएसटी संग्रह, विनिर्माण गतिविधियों और सेवा क्षेत्र के आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शा रहे हैं। वस्तुतः मई 2026 में सकल जीएसटी संग्रह लगभग 1.94 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि आर्थिक गतिविधियों का दायरा लगातार बढ़ रहा है। यद्यपि शीर्ष स्तर पर यह वृद्धि केवल 3.2 प्रतिशत दिखाई देती है, किंतु रिफंड समायोजन के बाद वास्तविक राजस्व वृद्धि लगभग 9 से 10 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। यह बताता है कि अर्थव्यवस्था में उपभोग और कारोबारी गतिविधियों का आधार अपेक्षाकृत मजबूत बना हुआ है। वित्त वर्ष के शुरूआती दो महीनों में 4.37 लाख करोड़ रुपये का सकल जीएसटी संग्रह सरकार के लिए भी राहत का विषय है, क्योंकि इससे राजकोषीय लक्ष्यों को हासिल करने का विश्वास बढ़ता है। अप्रैल माह में वस्तुओं से जुड़ी कर योग्य आपूर्ति में लगभग 27 प्रतिशत की वृद्धि और सभी प्रमुख वस्तु श्रेणियों में विस्तार यह दशार्ता है कि भारतीय उपभोक्ता अभी भी खर्च करने की स्थिति में हैं। ग्रामीण और शहरी मांग में सुधार, बुनियादी ढांचे पर सरकारी निवेश तथा रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी ने बाजार में सकारात्मक माहौल तैयार किया है। यहां विशेष बात यह भी है कि यह वृद्धि केवल कुछ चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित न होकर व्यापक स्तर पर दिखाई दे रही है, जो किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए स्वस्थ संकेत माना जाता है। सेवा क्षेत्र का प्रदर्शन भी भारत की विकास गाथा का महत्वपूर्ण आधार बनकर उभरा है। मई में सर्विसेज पीएमआई का बढ़कर 59.8 पर पहुंचना उस आर्थिक परिवर्तन का प्रमाण है जिसमें भारत धीरे-धीरे एक सेवा-प्रधान वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। माल ढुलाई, डिजिटल सेवाएं, ई-कॉमर्स, मनोरंजन और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में बढ़ती मांग ने नए कारोबार को गति दी है। विशेष रूप से विदेशी बाजारों से मिलने वाले ऑर्डरों में सुधार यह दशार्ता है कि वैश्विक स्तर पर भारतीय सेवाओं की स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है। दिलचस्प तथ्य यह है कि अप्रैल में निर्यात आधारित सेवाओं की मांग में जो कमजोरी दिखाई दी थी, वह मई में काफी हद तक दूर हो गई। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों से बढ़ती मांग यह संकेत देती है कि भारत घरेलू खपत के बल के साथ आज वैश्विक सेवा अर्थव्यवस्था में भी अपनी हिस्सेदारी मजबूत कर रहा है। विनिर्माण क्षेत्र के आंकड़े भी उत्साह बढ़ाने वाले हैं। मई में मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई का 55.0 तक पहुंचना बताता है कि उत्पादन, खरीद और नए ऑर्डरों में निरंतर विस्तार हो रहा है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# बढ़ते तापमान से जीव सृष्टि अलर्ट मोड पर

**डॉ. प्रितम भी. गेडाम**

> "जीवनावश्यक जल के लिए ऐसा संघर्ष, मजबूरी देखकर बहुत दु:ख होता हैं। प्रकृति ने हर एक के लिए शुद्ध जल, हवा, पोषक खाद्य की सुविधा की है, परंतु प्रकृति का संतुलन बिगाड़कर स्वार्थी मनुष्य ने समस्त जीवसृष्टि के लिए खतरा पैदा किया हैं। लोगों के ये हाल है तो, इस बढ़ते तापमान में जंगलों में बेजुबान वन्य पशुओं के कितने बुरे हालात होते होंगे। भौगोलिक रूप से हमारा देश उष्ण माना जाता है, ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ने से वातावरण में गर्मी बढ़ी है, इससे मूल तापमान लगातार बढ़ता जाता है"

**जी**व सृष्टि के लिए केवल एकमात्र आधार पेड़ है, पेड़ खत्म मतलब पृथ्वी से जीवन समाप्त। प्रकृति का एकदम सरल नियम है कि, पेड़ हमें बचाते है, हमें उन्हें बचाना हैं। अगर हम प्रकृति की रक्षा में लिए 1 प्रतिशत भी योगदान देते है तो उसके तुलना में प्रकृति 100 प्रतिशत समृद्धि हमें लौटाती हैं। कोरोना काल में हम सबने देखा की, जब प्रकृति में मानवीय हस्तक्षेप थम गया था, तब प्रकृति तेजी से अपनेआप को समृद्ध कर रही थी। आज विडंबना है कि, जो निस्वार्थ समृद्ध पेड़ दशकों तक माँ की तरह हमें अपने आँचल की छांव में धूप से बचाता था, फल-फूल देता था, पंछियों का रैनबसेरा हुआ करता था, बरसात में भूमि के कटाव को रोकता था, मनुष्य के लिए जहरीली कार्बनडाय ऑक्साइड को खुद अवशोषित करके प्राणवायु ऑक्सीजन हमें देता था। वातावरण में नमी और तापमान को नियंत्रित कर प्राकृतिक स्त्रोतों को समृद्ध बनाने में मुख्य भूमिका निभाता था। आज उसी पेड़ को काटने पर लोगों को जरा भी दुःख नहीं होता, जबकि हमारे पुरे जीवन और स्वास्थ्य पर इसका गंभीर परिणाम हो रहा है, क्या हम इतने गिरे हुए स्वार्थी लोग है कि, जो हमें जीवन देगा उसकी जान हम ही लेंगे। आज प्रकृति में बदलते वातावरण की चोट हम सबको झेलनी पड़ रही है, स्वार्थी लोगों की गलत नीतियों ने संपूर्ण पर्यावरण में जहर घोल दिया हैं।
प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन और जंगल कटाई ने पृथ्वी पर तापमान बढ़ाया है, जिसके कारण प्राकृतिक आपदाओं और बीमारियों में बेतहाशा वृद्धि हो रही हैं। प्रदूषण लगातार बढ़ रहा, सड़के आग की भट्टी की तरह महसूस हो रही है और भूजल स्तर तेजी से गिर रहा हैं। खाद्यान्नों में लगातार बढ़ती घातक रासायनिक समृद्धता लोगों को मौत के मुंहाने पर धकेल रही हैं। एक दशक पहले तक जब धूप में घूमते थे, बच्चे धूप में खेलते थे, तो सिर्फ गर्मी महसूस होती थी, खेलते-खेलते किसी पेड़ के छांव में भी बैठ जाएं तो बड़ी ठंडक महसूस होती थी। लेकिन अब तो यह धूप जहरीली हो चुकी है, शरीर को तपाने के साथ उबालती, बीमार भी करती हैं। शहरों के कॉन्क्रीट के जंगल में घने छायादार वृक्ष का दिखना भी



दुर्लभ होता जा रहा हैं।
लू से मरनेवालों की संख्या साल दर साल बढ़ती ही जा रही है, सबसे ज्यादा असर गरीबों, बुजुर्गों, बच्चों और अनौपचारिक क्षेत्र के मजदूरों पर पड़ता है, क्योंकि जीवन यापन के लिए उनका संघर्ष अत्यधिक कष्टदायक होता हैं। सीईईडब्ल्यू के अनुसार, निर्माणकार्य मजदूरों, गिग वर्कर्स और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों जैसे कमजोर तबकों को गर्मी के तनाव का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ता हैं।
गरीबों को इस गर्मी में भी दो वक्त की रोटी के लिए जद्दोजहत करने पर मजबूर होना पड़ता है, उनकी आमदनी और उत्पादकता दोनों गिरती हैं। गर्मी के कारण 2030 तक जीडीपी में 4.5 प्रतिशत तक की संभावित गिरावट आ सकती है, गर्मी के कारण फसलों को नुकसान और खाद्य सुरक्षा को खतरा हो सकता हैं। 'द लैंसेट' में 2024 में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार, लू के दौरान काम करने की क्षमता कम होने से हर साल लगभग 194 अरब डॉलर की आमदनी का नुकसान होता है, इस सदी के आखिर तक पूरे भारत में गर्मियों में चलने वाली लू की घटनाएं 300 से 400 फीसदी तक बढ़ सकती हैं। गर्मियों में भूजल का स्तर लगातार नीचे गिरने के कारण बहुत से ग्रामीणों और दूर-दराज क्षेत्र के रहवासियों को पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है, अनेक बार सोशल मीडिया पर इससे संबंधित वीडियो वायरल होते है, जिसमे हम देखते है कि छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं तक थोडेसे पानी के लिए रोजाना कई किलोमीटर दूर तक पैदल चलते है, जान जोखिम में डालकर 50-60 फीट नीचे गहरे गड्ढे में उतरकर दूषित जल पिने के लिए बर्तनों में भरते हैं। जीवनावश्यक जल के लिए ऐसा संघर्ष, मजबूरी देखकर बहुत दुःख होता हैं। प्रकृति ने हर एक के लिए शुद्ध जल, हवा, पोषक खाद्य की सुविधा की है, परंतु प्रकृति का संतुलन बिगाड़कर स्वार्थी मनुष्य ने समस्त जीवसृष्टि के लिए खतरा पैदा किया हैं। लोगों के ये हाल है तो, इस बढ़ते तापमान में जंगलों में बेजुबान वन्य पशुओं के कितने बुरे हालात होते होंगे। भौगोलिक रूप से हमारा देश उष्ण माना जाता है, ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ने से वातावरण में गर्मी बढ़ी है, इससे मूल तापमान लगातार बढ़ता जाता है, प्राकृतिक हरियाली और प्राकृतिक ठंडक देने वाले संसाधन तेजी से खत्म हो रहे हैं। तेजी से फैलते शहर प्राकृतिक नजारों की जगह कंक्रीट और काँच की इमारतें खड़ी हुयी, ये दिन में गर्मी सोखकर रात में धीरे-धीरे उसे बाहर निकालती हैं, जिससे सूरज डूबने के बाद भी शहरों का तापमान कम नहीं हो पाता। विकास के लिए शहरों के आसपास के सभी गांवों से उपजाऊ भूमि और खेती पर इमारतें बन रही हैं। यूनाइटेड नेशंस के फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन के अनुसार, दुनिया भर में हर साल लगभग 10 मिलियन हेक्टेयर जंगल खत्म हो जाते है, यह हर 12 महीने में आइसलैंड या पुर्तगाल के बराबर एरिया को साफ करने के बराबर हैं। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के अनुसार, भारत में हर साल खेती, वनों की कटाई और बुनियादी ढांचे का विकास की वजह से 1,00,000 हेक्टेयर से ज्यादा प्राकृतिक जंगल और वृक्ष आवरण खत्म हो जाता हैं। मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरनमेंट, फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज के अनुसार, विकास प्रोजेक्ट्स के लिए सरकार की इजाजत से हर साल लगभग 20 से 30 लाख पेड़ काटे जाते हैं।
1990 और 2000 के बीच भारत में 384,000 हेक्टेयर जंगल कम हुए, लेकिन 2015 और 2020 के बीच यह आंकड़ा बढ़कर 668,400 हेक्टेयर हो गया। यूनाइटेड किंगडम की एक वेबसाइट, यूटिलिटी बिडर, जो एनर्जी और यूटिलिटी कॉस्ट की तुलना करती है, की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले में भारत ब्राजील के बाद दूसरे नंबर पर है, जहाँ इन सालों में औसतन 668,400 हेक्टेयर जंगल काटे गए। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि जहाँ ब्राजील ने 2015 और 2020 के बीच 2,559,100 हेक्टेयर और इंडोनेशिया ने इसी समय में 1,876,000 हेक्टेयर जंगल काटे, वहीं भारत के आंकड़े काफी बढ़ गए है, 'डाउन टू अर्थ' ने भी यह खबर प्रकाशित की थी। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बॉम्बे और डीम्ड यूनिवर्सिटी सस्त्रा के अनुसंधानकताओं की एक नये अध्ययन से पता चला है कि 2015 और 2019 के बीच भारत के जंगल वनक्षेत्र में काफी गिरावट आयी हैं। इन वर्षों में भारत में 18 वर्ग किलोमीटर जंगल वनक्षेत्र खत्म हुआ, जबकि इसके मुकाबले केवल 1 वर्ग किलोमीटर बढ़ा।
यह बेहद चिंताजनक रेश्यो है जो भारत के वन पारिस्थितिकी तंत्र में गंभीर विखंडन संकट को दिखाता हैं। जबकि भारत सरकार के प्रमुख नोडल एजेंसी प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो के अनुसार, भारत नेट सालाना वन क्षेत्र लाभ के मामले में दुनिया भर में तीसरा स्थान बनाए हुए है। वन हानि की वार्षिक दर 10.7 मिलियन हेक्टेयर (1990-2000) से गिरकर 4.12 मिलियन हेक्टेयर (2015-2025) हो गई। हमसे अच्छे तो जंगली जीव है, जो अपने प्राकृतिक अधिवास को बचाने और उन्हें समृद्ध बनाने में प्रकृति की सही मायने में रक्षा करते हैं। पेड़ों से जंगल समृद्ध होते है।

# आत्मीय संबंधों में विश्वास का अकाल

**डॉ. सुधाकर**

**देश भर** में हिंसक घटनाएं बढ़ रही हैं। कहीं लव जिहाद के चलते युवतियों की हत्याएं हो रही हैं, कहीं मित्रता के नाम पर मित्र को घर बुलाकर चाकू से गोदकर हत्या की जा रही है। कहीं किसी अबोध बालक को धरती पर पटककर मौत के घाट उतारा जा रहा है, कहीं किसी अन्य जघन्य तरीके से हत्या की जा रही है। कहीं हत्यारे अपरिचित हैं, कहीं पूर्व परिचित। जिन रिश्तों पर गर्व की अनुभूति की जाती थी, वही रिश्ते अब अविश्वास की वजह बन गए हैं। यहाँ तक कि हिंसक वारदातों के चलते एक ही छत के नीचे रह रहे पति पत्नी भी सुरक्षित नहीं हैं।

प्रश्न यह उठता है, कि क्या आत्मीय संबंधों में विश्वास का अकाल पड़ गया है ?
क्या मित्र जैसे सुख दुःख में साथ निभाने वाले पवित्र संबंधों में विश्वासघात का चलन बढ़ गया है। बहरहाल समाज में बेखौफ होकर हत्या जैसे जघन्य अपराध को अंजाम देने की प्रवृत्ति का बढ़ना गंभीर चिंतन का विषय है। लगता है, कि जंगल में अस्तित्व की लड़ाई हेतु हिंसक प्रवृत्ति मानव समाज में भी अपनी घुसपैठ कर चुकी है। यदि ऐसा नहीं होता, तो नित्य ही हिंसक वारदातों के समाचार अखबारों की सुर्खियां न बनते।

प्रश्न यह भी है, कि हिंसक वारदात के दोषियों को संरक्षण देने की प्रवृत्ति क्यों बढ़ गई है। अपराधियों के पक्ष और विपक्ष में जाति और धर्म के अनुसार लोगों का लामबंद होना तथा तथाकथित निरपेक्ष मीडिया का अपराधियों के समर्थन में विमर्श प्रस्तुत करना क्या यह सिद्ध नहीं करता कि देश में एक ऐसा वर्ग सक्रिय है, अपराधियों के साथ जैसे को तैसा जैसे व्यवहार का विरोध करने के लिए ही पैदा हुआ है। क्या कानून किसी अपराधी के अमानवीय आचरण को प्रोत्साहित करने के लिए है ? क्या किसी जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले अपराधी का महिमामंडन करके उसे लम्बे समय तक सरकारी सुविधाओं पर जीवित रहने का अधिकार है ?

वस्तुस्थिति यह है कि जघन्य अपराधों के पर्याप्त प्रमाण होने के उपरांत भी अपराधी कानूनी दावपेच से लंबे समय तक दण्डित नहीं होता, जिसके चलते कानून व्यवस्था के प्रति वह निडर होकर बेखौफ हिंसक वारदातों को अंजाम देता है। समय आ गया है, कि जघन्य वारदातों को अंजाम देने वाले हिंसक तत्वों के विरुद्ध दण्ड विधान को और अधिक कड़ा किया जाए ताकि समाज में बढ़ रही हिंसक घटनाओं की नित्य होने वाली पुनरावृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके।

## विचार

# ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम पर उठ रहे सवाल ?

**सौरभ वार्ष्णेय**

**किसी** भी राष्ट्र की प्रगति का आधार उसकी शिक्षा व्यवस्था होती है। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि नागरिकों के व्यक्तित्व, कौशल और सोच को विकसित करने का साधन भी है। इसलिए देश के विकास और भविष्य को मजबूत बनाने के लिए शिक्षा नीति पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। शिक्षा व्यवस्था में तकनीक का प्रवेश आज की आवश्यकता है। परीक्षा मूल्यांकन को अधिक पारदर्शी, तेज और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026 में कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली लागू की। इस व्यवस्था में उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन कर परीक्षकों के सामने डिजिटल रूप में प्रस्तुत किया जाता है। बोर्ड का दावा है कि इससे जोड़-घटाव की गलतियां कम होंगी, मूल्यांकन की निगरानी बेहतर होगी और परिणाम अधिक विश्वसनीय बनेंगे।
लेकिन जिस तकनीक को सुधार का माध्यम माना गया था, वही अब विवाद के केंद्र में है। देशभर से छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने स्कैनिंग की गुणवत्ता, उत्तर पुस्तिकाओं के कथित मिश्रण, कम अंक मिलने और मूल्यांकन संबंधी विसंगतियों को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। कुछ मामलों में छात्रों ने दावा किया कि उन्हें दिखाई गई स्कैन की गई उत्तर पुस्तिका उनकी नहीं थी, जबकि कई उत्तर पुस्तिकाओं को खराब स्कैनिंग के कारण दोबारा स्कैन करना पड़ा या मैन्युअल रूप से जांचना पड़ा।सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, राष्ट्रव्यापी क्रियान्वयन से पहले किए गए परीक्षणों में कई तकनीकी और संचालन संबंधी कमियां सामने आई थीं। आंतरिक रिपोर्टों में प्रशिक्षण की कमी, तकनीकी गड़बडियों, मूल्यांकन की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था को लेकर चेतावनियां दी गई थीं। कुछ विशेषज्ञों ने प्रणाली को पूर्ण रूप से लागू करने से पहले अधिक व्यापक परीक्षण की सलाह भी दी थी।यह विवाद केवल तकनीकी खामी का नहीं, बल्कि विश्वास का भी है। बोर्ड परीक्षाएं लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित करती हैं। कुछ अंकों का अंतर उच्च शिक्षा और करियर के अवसरों को बदल सकता है। ऐसे में यदि मूल्यांकन प्रक्रिया पर संदेह पैदा होता है तो उसका प्रभाव केवल परिणामों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर पड़ता है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन का सहारा लिया है।हालांकि यह भी सच है कि डिजिटल मूल्यांकन कोई नई अवधारणा नहीं है। दुनिया के अनेक परीक्षा बोर्ड और संस्थान वर्षों से ऐसी प्रणालियों का सफलतापूर्वक उपयोग कर रहे हैं। समस्या तकनीक में नहीं, बल्कि उसके क्रियान्वयन में दिखाई देती है। यदि स्कैनिंग, डेटा सुरक्षा, परीक्षकों के प्रशिक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण पर पर्याप्त ध्यान न दिया जाए तो तकनीक समाधान के बजाय नई समस्याएं पैदा कर सकती है।केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने भी कुछ विसंगतियों को स्वीकार करते हुए सुधारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। यह स्वागतयोग्य है, किंतु केवल आश्वासन पर्याप्त नहीं होगा।
आवश्यकता इस बात की है कि पूरे विवाद की स्वतंत्र और पारदर्शी समीक्षा हो, तकनीकी कमियों की सार्वजनिक जानकारी दी जाए तथा प्रभावित विद्यार्थियों को शीघ्र और निष्पक्ष राहत प्रदान की जाए।शिक्षा में डिजिटल परिवर्तन को रोका नहीं जा सकता और न ही रोका जाना चाहिए। परंतु किसी भी सुधार की सफलता उसकी विश्वसनीयता पर निर्भर करती है।
विवाद ने यह स्पष्ट कर दिया है कि तकनीक का उद्देश्य केवल प्रक्रिया को तेज करना नहीं, बल्कि विश्वास को मजबूत करना भी होना चाहिए। यदि पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित किए जाएं तो भविष्य की दिशा बन सकता है; अन्यथा यह एक ऐसे प्रयोग के रूप में याद किया जाएगा जिसने विद्यार्थियों के मन में परीक्षा व्यवस्था को लेकर अनावश्यक शंकाएं पैदा कर दीं। सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग परियोजना के टेंडर से विक्रेता को ब्लैकलिस्ट करने संबंधी शर्त हटाए जाने का मामला स्वाभाविक रूप से चर्चा और सवालों का विषय बना है। अब तक सीबीएसई ने सार्वजनिक रूप से इस बदलाव का स्पष्ट और विस्तृत कारण नहीं बताया है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# आग हादसों में जान गंवाते निर्दोष

**रोहित माहेश्वरी**

**राजधानी** दिल्ली में एक बार फिर आग की चपेट में आने से अब तक कम से 21 लोगों की मौत हुई है जबकि 37 से अधिक लोग घायल हैं। भारत की राजधानी में मौजूद इस इमारत के लिए अग्निशमन विभाग से मंजूरी नहीं ली गई थी। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। घटना ने एक बार फिर होटल, गेस्ट हाउस और रेस्तरां संचालन की निगरानी करने वाली व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आंकड़े बताते हैं कि हर दिन भारत में 35 लोगों की मौत आग संबंधी हादसे में होती है। दिल्ली में मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुए अग्निकांड के बाद भले ही गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया हो, लेकिन सवाल है कि अग्निकांड में मरे लोगों का जीवन कौन लौटाएगा? आखिर देश की राजधानी में अकसर होने वाले अग्निकांडों का सिलसिला कब और कैसे खत्म होगा? क्या इस आपराधिक लापरवाही की जवाबदेही तय होगी? विडंबना देखिए कि मरने वालों में अधिकांश विदेशी लोग भी हैं, जो सस्ता इलाज कराने भारत आए थे। एक ही परिवार के आठ लोगों के अग्निकांड का शिकार होना बेहद दुखद है। विडंबना देखिए कि जिस एक मंजिला भवन को छह कमरों का गेस्ट हाउस चलाने की अनुमति मिली थी, वहां शासन-प्रशासन की नाक के नीचे एक छह मंजिला होटल बना दिया गया, जिसमें 26 कमरे और रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा था। जिसमें अस्सी से सौ लोगों की मौजूदगी बतायी जा रही है। निश्चित रूप से यह महज आग से जुड़ा हादसा नहीं है बल्कि होटल संचालन से जुड़े नियमों की अनदेखी, निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही और तंत्र की विफलता का परिचायक है। लेकिन गाहे-बगाहे होने वाले अग्निकांडों के बावजूद तंत्र की काहिली बदस्तूर जारी है। जांच के दायरे में घटना के बाद फरार होटल मालिक ही नहीं, बल्कि वे अधिकारी भी जिम्मेदार हैं जिन्होंने इसको संचालित करने के नियमों का अनुपालन नहीं किया और भवन निर्माण की स्वीकृति व उपयोग की अनुमति दी। यह जानते हुए भी कि होटल में निकासी का मार्ग बेहद संकरा है और अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध नहीं हैं।

# अनियंत्रित पर्यटन से त्रस्त है नैनीताल!

**प्रयाग पाण्डे**

**विश्व** विख्यात पहाड़ी हिल स्टेशन नैनीताल में इंसानों से अधिक दोपहिया और चौपहिया वाहनों का रेला उमड़ने लगा है। वाहनों की अनियंत्रित बेतहाशा भीड़ के चलते नगर की सांसें थम- सी गईं हैं। अपनी क्षमता से कई गुना अधिक बोझ ढो रही नगर की सभी सड़कें - गलियाँ दोपहिया और चौपहिया वाहनों से पट -सी गईं हैं। वाहनों की भीड़ के चलते सामान्य आवागमन बाधित हो गया है। पैदल चलने को रास्ते नहीं बचे हैं। नगर का हरेक कोना और पैदल रास्ते गाड़ियों से पट गए हैं। नगर में यत्र, तत्र, सर्वत्र जाम लगना आम बात हो गई है। नगर का कोई भी कोना यांत्रिक यातायात से निरापद नहीं है। दोपहिया- चौपहिया वाहनों की रेलमपेल में आम इंसान का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। हालात इस कदर खराब हो चुके हैं कि आम आदमी के लिए पैदल चलने की जगह ही नहीं बची है। इंसानों के भी जाम लगने लगे हैं। पहले पर्यटन सीजन के दिनों कभी-कभार ऐसी स्थिति आती थी, अब यह समस्या बारहमासी हो गई है। सुंदर प्राकृतिक झील, अनुपम सौंदर्य और स्वास्थ्यवर्धक जलवायु के मद्देनजर 183 वर्ष पूर्व अंग्रेजों ने नैनीताल नगर की बसावट शुरू की थी। औपनिवेशिक शासक नैनीताल की तुलना यूरोपीय देशों से करते थे। नैनीताल का स्वच्छ और शुद्ध वातावरण एवं आबोहवा को अच्छे स्वास्थ्य के लिए आदर्श माना जाता था। अंग्रेजी शासनकाल में नैनीताल को 'कंट्री रिट्रीट' कहा जाता था। अंग्रेज यहाँ के पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण का विशेष खयाल रखते थे। तब नैनीताल की सुंदरता, शांति और सुरक्षा, विश्व विख्यात थी। आज ये सभी खतरे में हैं। वर्तमान में नैनीताल ध्वनि एवं वायु प्रदूषण के चपेट में है। नैनीताल की बसासत के प्रारंभिक चरण में यहाँ आने-जाने के लिए रास्तों की समुचित व्यवस्था नहीं थी। तब कालाढूंगी से पैदल नैनीताल आया जाता था। कालांतर में पुरुषों के लिए घोड़ों की सवारी और महिला यात्रियों के लिए डांडी की व्यवस्था बना ली गई थी। यात्रियों का सामान ढोने के लिए कुलियों का प्रबंध था। करीब चार दशक तक यह व्यवस्था बनी रही। इसी दरम्यान नैनीताल एक सुव्यवस्थित नगर के रूप में बसा, सजा- सँवरा।

facebook.com/actionindialive twitter.com/actionindianews youtube.com/actionindiatv
www.actionindialive.com
# हिमाचल न्यूज
एक्शन इंडिया
ऊना,
5 जून 2026

## हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय की उच्च स्तरीय बैठक में लिए गए अनेक महत्त्वपूर्ण निर्णय

**फैसला**

» कॉम्पिटेटिव एग्जामिनेशन सेल का गठन करने का लिया गया निर्णय



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में प्रवेश परीक्षा प्रणाली को और दक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए सिस्टम कमेटी का पुनर्गठन किया जाएगा। यह निर्णय हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभिषेक जैन की अध्यक्षता में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया।

विश्वविद्यालय में एकेडमिक काउंसिल (शैक्षणिक परिषद) की संरचना की समीक्षा कर उसका आवश्यकता अनुसार संशोधन किया जाएगा। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि विश्वविद्यालय की गोपनीय शाखा में संस्थागत अखंडता बनाए रखने के उद्देश्य से गोपनीय शाखा तथा अन्य शाखाओं में तैनात कर्मचारियों का सामान्यत: एक या दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर स्थानांतरण किया जाएगा।

डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी के निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप लाने के लिए बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित मार्गदर्शन एवं परामर्श के दृष्टिगत कॉम्पिटेटिव एग्जामिनेशन सेल का गठन करने का निर्णय लिया गया है। विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को 30 मिनट अवधि का नशा निवारण जागरूकता सत्र आयोजित किया जाएगा।

बैठक में सामान्य शिकायत निवारण समिति व लैंगिक संवेदनशीलता एवं परामर्श प्रकोष्ठ के गठन के लिए समयबद्ध उचित कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में विश्वविद्यालय के अधिकारियों को भारत सरकार से संबंधित लम्बित मामलों और प्रदेश सरकार से संबंधित लम्बित स्वीकृतियों व निर्णयों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

डॉ. अभिषेक जैन ने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत हिमाचल पथ परिवहन निगम के माध्यम से बस सुविधा, खेल, पुस्तकालय, प्रयोगशाला उपकरणों की खरीद, वर्षा शालिकाओं के निर्माण और विश्वविद्यालय में हरित आवरण बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा के उपरांत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## धूमल-अनुराग खेमे की पसंद कौन? जिला परिषद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद पर बढ़ी सरगर्मियां

**दावेदार**

» अनिता कुमारी और सुरेश कुमार सोनी जिला परिषद नेतृत्व के प्रमुख दावेदारों पर सबसे ज्यादा चर्चा में




**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** जिला परिषद हमीरपुर के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकर चल रही राजनीतिक चर्चाओं के बीच दो नाम सबसे ज्यादा चर्चा में हैं। धमरोल वार्ड से निर्वाचित अनिता कुमारी और ताल वार्ड से जीते सुरेश कुमार सोनी को जिला परिषद की नई नेतृत्व टीम के प्रमुख दावेदारों के रूप में देखा जा रहा है।

जिला परिषद चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद अब संगठन के सामने सबसे बड़ी चुनौती नेतृत्व चयन की है। पार्टी सूत्रों की मानें तो अध्यक्ष पद के लिए अनिता कुमारी का नाम सबसे मजबूत माना जा रहा है। पंचायत और बीडीसी स्तर पर लंबे समय तक सक्रिय रहने का अनुभव उनके पक्ष में जाता है।

महिला नेतृत्व को आगे बढ़ाने की रणनीति के तहत भी उनका दावा मजबूत बताया जा रहा है।

दूसरी ओर उपाध्यक्ष पद के लिए सुरेश कुमार सोनी का नाम तेजी से उभरकर सामने आया है। भाजपा संगठन में वर्षों तक सक्रिय भूमिका निभाने वाले सुरेश सोनी को जमीनी नेता के रूप में पहचान मिली है। संगठन और स्थानीय कार्यकर्ताओं के बीच उनकी पकड़ को देखते हुए उन्हें उपाध्यक्ष पद का स्वाभाविक दावेदार माना जा रहा है।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यदि अंतिम समय में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ तो जिला परिषद हमीरपुर की कमान अनिता कुमारी और सुरेश कुमार सोनी की जोड़ी के हाथों में जा सकती है। दोनों नेताओं के नामों पर भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व के स्तर पर सकारात्मक चर्चा चल रही है।

हालांकि अंतिम निर्णय पार्टी हाईकमान और वरिष्ठ नेताओं की सहमति के बाद ही होगा, लेकिन मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों में अनिता कुमारी और सुरेश कुमार सोनी सबसे आगे नजर आ रहे हैं। अब सभी की निगाहें भाजपा नेतृत्व के अंतिम फैसले पर टिकी हैं, जो आने वाले दिनों में जिला परिषद की नई तस्वीर तय करेगा।

## मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक हुई। बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी मौजूद रहे।

बैठक में अवगत करवाया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार लघु एवं सीमांत किसानों के भूमि कब्जों को नियमित करने के लिए नीति तैयार कर दी गई है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस नीति को अब मंत्रिमंडल की बैठक में लाया जाएगा। कैबिनेट में स्वीकृति के उपरांत इसे भारत सरकार को भेजा जाएगा। बैठक में प्रधान सचिव विधि राजीव बाली, अतिरिक्त सचिव राजस्व अनिल चौहान और वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्यपाल करेंगे अंतर्राष्ट्रीय शिमला समर फेस्टिवल का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** 8 से 12 जून, 2026 तक आयोजित किए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय शिमला समर फेस्टिवल का शुभारंभ राज्यपाल हिमाचल प्रदेश कवीन्द्र गुप्ता करेंगे और महोत्सव का समापन मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के कर कमलों द्वारा होगा। इसके अलावा 09 जून को विधायक शिमला शहरी हरीश जनारथा, 10 जून को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व 11 जून को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें रंगा-रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अलावा विभिन्न खेल व अन्य प्रतियोगिताएं मुख्य आकर्षण रहेंगे।

## चंबा नगर परिषद पर कांग्रेस ने फहराया जीत का परचम



**हामिद खान**

**चंबा।** नगर परिषद चंबा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए गुरु वार को संपन्न हुए चुनाव में कांग्रेस समर्थित पार्षदों ने बाजी मारते हुए नगर परिषद पर अपना कब्जा जमा लिया। जुलाहकड़ी वार्ड से निर्वाचित पार्षद भावना गुलाटी को नगर परिषद चंबा का नया अध्यक्ष चुना गया, जबकि धड़ोग वार्ड से चुने गए जितेंद्र सूर्य उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। लगभग दस वर्षों के बाद नगर परिषद चंबा में कांग्रेस समर्थित बोर्ड के गठन से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया।

अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भावना गुलाटी का मुकाबला विपक्ष समर्थित उम्मीदवार सीमा कश्यप से था। मतदान प्रक्रिया एसडीएम चंबा प्रत्यूष खाती की देखरेख में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई। नगर परिषद के 11 निर्वाचित पार्षदों के अलावा स्थानीय विधायक के मतदान अधिकार सहित कुल 12 मत पड़े। इनमें भावना गुलाटी को 7 मत प्राप्त हुए, जबकि सीमा कश्यप को 5 मत मिले। इस प्रकार भावना गुलाटी दो मतों के अंतर से विजयी घोषित की गईं।

वहीं उपाध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार जितेंद्र सूर्य ने जीत दर्ज कर नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। चुनाव परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

समर्थकों ने नगर परिषद परिसर और शहर के विभिन्न स्थानों पर ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया तथा आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर चंबा सदर के विधायक नीरज नैयर ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत जनता के विश्वास, पार्षदों की मेहनत तथा प्रदेश सरकार के विकासात्मक दृष्टिकोण की जीत है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में चंबा शहर के विकास को नई गति मिलेगी और नगर परिषद क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए विशेष योजनाएं तैयार की जाएंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीण क्षेत्र में निर्माण गतिविधियों के नियमन के मॉडल प्लान को मंत्रिमंडलीय उप-समिति की स्वीकृति



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रिमंडलीय उप-समिति की तीसरी बैठक आयोजित हुई। बैठक में आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक व औद्योगिक प्रशिक्षण एवं नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी मौजूद रहे। ग्रामीण क्षेत्र में निर्माण गतिविधियों के नियमन को लेकर यह मंत्रिमंडलीय उप-समिति गठित की गई है। मंत्रिमंडलीय उप-समिति ने निर्माण गतिविधियों के नियमन को लेकर बनाए गए मॉडल प्लान को स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब इसे आगामी कैबिनेट बैठक में लाया जाएगा। बैठक में सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सी.पालरासू, निदेशक टीसीपी हेमिस नेगी और अतिरिक्त निदेशक पंचायती राज केवल शर्मा उपस्थित रहे।

### ऊना में हमीरपुर बाल कल्याण समिति का सम्मान

**राजन पुरी**

**ऊना।** बच्चों के अधिकारों और संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय सेवाएं देने वाली हमीरपुर बाल कल्याण समिति की टीम का वीरवार को ऊना में विशेष सम्मान किया गया। एक सादे समारोह के दौरान समिति के सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में ऊना बाल कल्याण समिति के नवनियुक्त चेयरमैन एडवोकेट ओंकार कपिला, जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बता दें कि पिछले लगभग एक वर्ष से ऊना जिले में स्थायी बाल कल्याण समिति का गठन नहीं हुआ था। ऐसे में हमीरपुर बाल कल्याण समिति ने अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालते हुए ऊना जिले से जुड़े मामलों का सफलतापूर्वक संचालन किया। इस दौरान समिति ने ब%चों के अधिकारों, सुरक्षा और कल्याण से जुड़े विभिन्न मामलों का निपटारा करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समारोह के दौरान हमीरपुर बाल कल्याण समिति के चेयरमैन मनीष राणा सहित सदस्य सिद्धार्थ कौशल, अश्वनी कुमार, डॉ. संगीता और मीना कुमारी को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

## स्कूलों और प्रशिक्षण संस्थानों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री पर लगे पूर्ण प्रतिबंध : नसीम दीदन



**हामिद खान**

**चंबा।** ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के मुख्य सलाहकार नसीम दीदन ने स्कूलों और विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों के आसपास नशीले पदार्थों की बढ़ती बिक्री पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन और पुलिस विभाग से इस पर सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में नसीम दीदन ने कहा कि शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री बच्चों और युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि इन प्रतिबंधित वस्तुओं की ओर युवाओं का आकर्षण बढ़ रहा है, जिससे उनका शैक्षणिक, मानसिक और सामाजिक विकास प्रभावित हो सकता है।

उन्होंने कहा कि स्कूलों और प्रशिक्षण केंद्रों के आसपास खुलेआम नशीले पदार्थों की बिक्री की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। विशेष रूप से युवाओं और विद्यार्थियों को ऐसे अवैध कारोबारियों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो इसके दूरगामी दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं।

नसीम दीदन ने पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग तथा सामाजिक संस्थाओं से संयुक्त रूप से अभियान चलाकर ऐसे तत्वों पर शिकंजा कसने का आग्रह किया। उन्होंने मांग की कि स्कूलों, कॉलेजों और प्रशिक्षण संस्थानों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए तथा समय-समय पर विशेष जांच और निगरानी अभियान चलाए जाएं।

## दस साल के बाद चम्बा शहरी निकाय और 15 साल बाद चुवाड़ी नगर निकाय में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने किया कब्जा



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज यहां एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 10 साल बाद चम्बा और 15 साल बाद चुवाड़ी शहरी निकायों में कांग्रेस का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने कहा कि दस साल के बाद चम्बा शहरी निकाय और 15 साल बाद चुवाड़ी नगर निकाय में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने कब्जा किया है।

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस जैसी ज्वलंत समस्याओं से प्रदेश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा नेता पंचायत चुनावों में जीत का झूठा श्रेय लेकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। आज यहां एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता महंगाई के मुद्दे पर भाजपा से जवाब मांग रही है। देश में पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडरों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा देशवासियों से सोना-चांदी जैसी खरीदारी से परहेज करने और त्याग की अपील की जा रही है, लेकिन बढ़ती महंगाई और आवश्यक वस्तुओं के दामों पर भाजपा कोई चर्चा नहीं करती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा प्रदेश के लोगों का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने के लिए पंचायती राज चुनावों के परिणामों को अपने पक्ष में प्रस्तुत करने का प्रयास कर रही है, जबकि प्रदेश भर में लोगों ने भाजपा को अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव किसी भी राजनीतिक दल के चुनाव चिन्ह पर नहीं लड़े गए थे। इसके बावजूद प्रदेश की 3,754 पंचायतों में से लगभग 2,400 प्रधान और 2,600 उपप्रधान कांग्रेस विचारधारा से जुड़े उम्मीदवार निर्वाचित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि शहरी निकायों के चुनाव परिणाम भी कांग्रेस के पक्ष में रहे हैं। प्रदेश की 53 शहरी स्थानीय निकायों में से 29 पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार विजयी रहे हैं। विशेष रूप से कांगड़ा जिले के छ: नगर निकायों में कांग्रेस ने जीत हासिल की है, जबकि भाजपा का वहां पूरी तरह सूपड़ा साफ हो गया। मंडी जिला में भी भाजपा का सफाया हुआ है। ऐसे में भाजपा किस आधार पर अपनी जीत का दावा कर रही है, यह समझ से परे है।

## बंगाणा में 6 जून को लगेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**राजन पुरी**

**ऊना।** देवभूमि अद्वैता हार्ट इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ऊना द्वारा 6 जून को बंगाणा में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर होटल आशीर्वाद बंगाणा में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में हृदय रोग, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी तथा डायबिटीज एवं जनरल मेडिसिन से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी। शिविर के दौरान ईसीजी, मधुमेह जांच, चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यक दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। अस्पताल प्रबंधन ने क्षेत्र के लोगों से इस स्वास्थ्य शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। साथ ही मरीजों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने पुराने मेडिकल रिकॉर्ड एवं जांच रिपोर्ट साथ लेकर आएं।

## डीएवी अंबोटा में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया स्थापना दिवस

**राजन पुरी**

**ऊना।** डीएवी पब्लिक स्कूल अंबोटा में डीएवी स्थापना दिवस श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण के बीच धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वैदिक परंपरा के अनुसार भव्य हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य नमित शर्मा, शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण ने सहभागिता करते हुए विद्यालय, समाज, राष्ट्र तथा विश्व कल्याण के लिए आहुतियां अर्पित कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। हवन-यज्ञ के दौरान पूरा विद्यालय परिसर मंत्रों की पावन ध्वनि से गुंजायमान हो उठा, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से भर गया। उपस्थित सभी शिक्षकों ने श्रद्धाभाव से यज्ञ में हिस्सा लेते हुए महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा प्रतिपादित वैदिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नमित शर्मा ने सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डीएवी संस्थाएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, संस्कारों और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।

## एंटी चिट्टा अंतर-जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप (बॉयज) के लिए चयन परीक्षण कल

**चमन शर्मा**

**शिमला।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय शिमला समर फेस्टिवल-2026 में पहली एंटी चिट्टा अंडर-21 जिला स्तरीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप (बॉयज) का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए चयन परीक्षण 05 जून, 2026 को एम.सी ग्राउंड संजौली में प्रात: 10 बजे से आरम्भ होगा। चयन परीक्षण के लिए खिलाड़ियों को जन्म तिथि का मूल प्रमाण व आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि चयन परीक्षण के लिए खिलाड़ियों को यात्रा भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा, प्रतिभागी जिला शिमला का निवासी होना चाहिए और प्रतिभागी का जन्म 01 जनवरी, 2005 को या उसके उपरांत होना चाहिए। चैंपियनशिप के लिए अच्छी भागीदारी और सबसे अच्छे टैलेंट का चुनाव पक्का करने के लिए, सिलेक्शन ट्रायल आयोजित करवाए जा रहे हैं ताकि तीन डिस्ट्रिक्ट वॉलीबॉल टीमें बनाई जा सके जो इस मशहूर टूर्नामेंट में शिमला जिला का प्रतिनिधित्व करेंगी। पंकज शर्मा ने बताया कि प्रदेश के युवाओं को नशे से दूर रखने और चिट्टे जैसे जानलेवा नशे के दुष्प्रभावों के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए एंटी चिट्टा अभियान आरम्भ किया गया है जिसके तहत इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वॉलीबॉल प्रतियोगिता की विजेता टीम को 1 लाख रुपये, रनर अप टीम को 50 हज़ार और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 25 हजार रुपए की राशि ट्रॉफी व मेडल प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा 05 क्वार्टरफाइनल की टीमों को 20 हजार रुपए (प्रत्येक टीम) और प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ अटैकर, ब्लॉकर, सैटर व लिबेरो को 5 हजार रुपए (प्रत्येक खिलाडी) व स्मृति चिन्ह प्रदान किये जाएंगे।

## जनगणना-2027 के प्रथम चरण में सभी नागरिक बनें भागीदार

**हामिद खान**

**चंबा।** उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने जिले के समस्त नागरिकों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जनगणना किसी भी देश की सबसे व्यापक और महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रक्रिया होती है। यह केवल जनसंख्या की गणना तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय स्वरूप का विस्तृत चित्र प्रस्तुत करती है। सरकार द्वारा बनाई जाने वाली अधिकांश विकास योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों का आधार जनगणना से प्राप्त आंकड़े ही होते हैं। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 देश की पहली पूर्णत: डिजिटल जनगणना होगी, जो आधुनिक तकनीक और नागरिक सहभागिता के माध्यम से अधिक सटीक, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संपन्न की जाएगी।

## अंब में वन विभाग ने प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी से भरे दो वाहन पकड़े



**राजन पुरी**

**ऊना।** वन संपदा की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे विशेष निगरानी अभियान के तहत अंब वन परिक्षेत्र की गश्ती टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी लेकर जा रहे दो वाहनों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। अंब पुलिस ने वन विभाग की शिकायत पर वाहन चालकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को अंब रेंज की टीम नियमित गश्त एवं निगरानी कार्य पर निकली हुई थी। टीम में ब्लॉक अधिकारी %वार एवं उप वन रक्षक विजय कुमार, उप वन रक्षक मुनीश कुमार, वन रक्षक एवं वार बीट प्रभारी विजय कुमार तथा वन रक्षक एवं नेहरी बीट प्रभारी वीरेंद्र कुमार शामिल थे।

इसी दौरान शाम अंब चौक के समीप टीम को दो वाहन संदिग्ध परिस्थितियों में आते दिखाई दिए। संदेह होने पर टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जांच के लिए रोका। जब वाहनों की तलाशी ली गई तो उनमें बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी लदी हुई पाई गई।

वन अधिकारियों ने मौके पर मौजूद वाहन चालकों में अमित कुमार निवासी अमलैहड़ व सुनील कुमार निवासी जसूर, हमीरपुर से लकड़ी के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन चालक किसी भी प्रकार का अनुमति पत्र, परिवहन चालान अथवा अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

दस्तावेजों के अभाव में वन विभाग ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय अंब पहुंचाया और आगे की कार्रवाई शुरू की। जिला वन अधिकारी ऊना विकल्प यादव ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी के अवैध परिवहन से जुड़ा प्रतीत होता है।